CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 09° C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 11 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश पेज 2


पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस खेल टाइम्स


मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका सम्पादकीय


शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अब एआई-जनित सामग्री की देनी होगी स्पष्ट जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि ये प्लेटफॉर्म एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता। सरकार ने कहा कि अब मानव निर्मित या कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को स्पष्ट रूप से पहचान योग्य लेबल के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। इसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो या ग्राफिक सहित किसी भी डिजिटल सामग्री को शामिल किया गया है, जिसे कंप्यूटर या किसी संसाधन से बनाया गया, संशोधित किया गया या बदला गया हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी यूजर ऐसी सामग्री का गलत इस्तेमाल न करे। अगर कोई यूजर गैरकानूनी, अश्लील, धोखाधड़ी या बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री बनाए या साझा करे, तो प्लेटफॉर्म्स उसे रोकने के लिए स्वचालित तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

### दिल्ली में एक्यूआई 267 के साथ खराब श्रेणी में पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 के साथ 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार सुबह धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी, जबकि आनंद विहार, बवाना और नरेला जैसे इलाकों में एक्यूआई 'बहुत खराब' बताया गया, जिससे सेहत को लेकर नई चिंताएं बढ़ गईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक मंगलवार सुबह एक्यूआई सोमवार की 206 से काफी ज्यादा था। सुबह करीब सात बजे, दिल्ली का औसत एक्यूआई 267 था। सबसे ज्यादा प्रभावित जगहों में, आनंद विहार में एक्यूआई 317 दर्ज किया गया, जबकि बवाना में 333 रिकॉर्ड किया गया और यह राजधानी के सबसे वायु प्रदूषित इलाके हैं।

### मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी। उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं।

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम व सीपीआई के नेताओं ने याचिका की दायर

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। वीडियो में मुख्यमंत्री मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं।

## कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा, यही है असली बीजेपी, सामूहिक हत्यारे

■ यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी

कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस मुद्दे पर बीजेपी की आलोचना की।

वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा कि एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, प्वाइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 4 से 5 लाख मियां मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंता बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मियां समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मियां समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मियां बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। तिनसुकिया जिले के डिगबोई में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सरमा ने कहा वोट चोरी का मतलब यह है कि हम कुछ मिया वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श रूप से उन्हें असम में वोट डालने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर, लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99**

**प्रस्ताव पर फैसला होने तक सदन में नहीं आएंगे स्पीकर ओम बिरला, नौ मार्च को चर्चा की संभावना**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है। विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाए गए आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस श्री बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका तक नहीं दिया जाता है और बार-बार और अनावश्यक रूप से उन्हें रोका तथा टोका जाता है। इसमें दो -शेष पृष्ठ दो पर

## अविश्वास प्रस्ताव में हुई बड़ी चूक

### 2026 की जगह लिखा 2025

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा। प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था।

# पेंग्विन रैंडम हाउस ने कहा: अभी प्रकाशित नहीं हुई नरवणे की किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में चल रहे जनरल मनोज नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' से जुड़े विवाद के बीच पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि उसके पास इस किताब के प्रकाशन अधिकार हैं और उसने अब तक इसे किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं किया है।

प्रकाशक ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल नरवणे का संस्मरण डिजिटल रूप या प्रिंट रूप में न तो जनता के सामने रिलीज़ किया गया है, न बेचा गया है और न ही वितरित किया गया है। पीआरएचआई ने चेतावनी दी कि किताब का प्रिंट या पीडीएफ स्वरूप साझा करना उसके कॉपीराइट का उल्लंघन होगा। प्रकाशक ने कहा कि वह बिना इजाज़त के इस पुस्तक का वितरण करने वालों के खिलाफ़ उचित कानूनी कार्रवाई करेगा। बयान में कहा गया कि अपनी स्थिति साफ करने के लिए स्पष्टीकरण रिकॉर्ड में रखा जा रहा है। यह विवाद पिछले हफ्ते तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए अपने भाषण के -शेष पृष्ठ दो पर

### किताब पर जनरल नरवणे की पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख ने विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। इससे पहले प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति मुद्रित या डिजिटल रूप में प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।



### मुझे लगता है जनरल नरवणे सही बोल रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑफलाइन खरीदा जा सकता है जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन इसके प्रकाशन से इन्कार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं।

# सम्भल प्रकरण: एएसपी अनुज चौधरी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

■ कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की सीजेएम अदालत द्वारा एएसपी अनुज चौधरी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने तत्कालीन कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी राहत प्रदान की है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने 9 जनवरी को पारित संभल सीजेएम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता यामीन से दोनों याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एएसपी अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

# असम में फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित, 2.43 लाख नाम कटे

■ राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर्स, असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं

**गुवाहाटी।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी।

ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं। स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसम्बर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं। असमें 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर (एच2एच) वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था। इससे पहले चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की टाइमलाइन में बदलाव करते हुए फाइनल पब्लिकेशन की तारीख 14 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी थी।

# मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा : एसएसपी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महावन क्षेत्र स्थित खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा और उनके तीन बच्चों के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सुबह काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो मनीष के भाई सुधीर को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर बेड पर मां और दो बच्चों के शव पड़े थे, एक बेटी का शव चारपाई पर मिला, जबकि मनीष का शव फर्श पर पड़ा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशंका है कि मनीष ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर सोते हुए तीनों बच्चों का गला घोंट दिया और अंत में स्वयं करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस को घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। कमरे की दीवार पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला है, जिसमें मनीष और सीमा द्वारा अपनी मर्जी से जान देने की बात कही गई है और पुलिस से किसी को परेशान न करने का अनुरोध किया गया है। एक कागज पर भी कथित सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा मनीष के मोबाइल फोन से 48 सेकंड का एक वीडियो बरामद हुआ है, जिसमें उसने आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस अन्य संभावित पहलुओं जैसे आपसी रंजिश या अन्य कारणों की भी गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# यूजीसी नियमों ने उलझाई भाजपा की हिंदू एकजुटता की राजनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नए नियमों ने रणनीति को झटका दिया, उप्र की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा बीते कुछ समय से हिंदू मतदाताओं को धर्म के आधार पर एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक रहेंगे तो नेक रहेंगे जैसे नारों के जरिये पार्टी जातिगत पहचान से ऊपर उठकर हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रही थी। हालांकि, केंद्र सरकार के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 2026 में जारी नए नियमों ने इस रणनीति को झटका दिया है और प्रदेश की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी है। यूजीसी के नए नियमों में उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान किए गए। लेकिन इन नियमों में फर्जी शिकायतों पर दंड का स्पष्ट प्रावधान न होने से सामान्य वर्ग, खासकर अगड़े समाज में नाराजगी देखने को मिली। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि इन नियमों पर अंतरिम रोक लगा दी है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि तब तक नुकसान हो चुका है। नियमों को लेकर पैदा हुए असंतोष ने एक बार फिर हिंदू समाज के भीतर जातिगत विभाजन को उजागर कर दिया है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा की चुनावी मजबूती ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ और भूमिहार जैसे वर्गों पर टिकी रही है। इन्हें पार्टी का कोर वोटर माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की हवाई पट्टियों पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने देश की विभिन्न हवाई पट्टियों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई पट्टी पर हुए विमान हादसे में मौत के मद्देनजर मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम महत्वपूर्ण है। नायडू ने यहां मंगलवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागर विमानन महानिदेशालय में महा. निदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार और मंत्रालय तथा डीजीसीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का आगरा दौरा रद्द

**आगरा।** सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डा. पैट्रिक हर्मिनी का मंगलवार को प्रस्तावित आगरा दौरा रद्द हो गया है। पुरातत्व विभाग के अनुसार राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा आने वाले थे, लेकिन आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं।

### पप्पू को बेल, लेकिन जेल में ही रहेंगे

**पटना।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 31 साल पुराने मामले में जमानत दे दी है, लेकिन वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना और बुद्धा कॉलोनी थाने से जुड़े मामलों में पप्पू यादव को अभी जमानत नहीं मिली है। इन मामलों में बुधवार को सुनवाई होगी। तब तक पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में ही रहेंगे।

# यूपी में दिव्यांग पेंशन तीन गुना बढ़ी

## पात्र लाभार्थियों को मिलेगा सीधे लाभ: नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधान परिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विभाग की सभी योजनाएं टॉनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है। नरेंद्र कश्यप ने सदन को बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड के 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के लिए 12 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अध्याचन भेजा जा चुका है, जिस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कश्यप ने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 153 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन तथा 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ दिया गया है। 31 दिसम्बर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांगजन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# देश में रहना है, तो कानून का पालन करना सीखें: योगी

**बाराबंकी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कयामत की कामना करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि न तो कोई कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का निर्माण फिर कभी होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में रहना है, तो कायदे से रहना सीखना होगा, क्योंकि कानून का पालन करने वाला ही लाभ में रहता है और कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है। यह सरकार जितना बोलती है, उतना ही करती है और उतना ही बोलती है जितना करने का संकल्प लेती है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वह दिन आने वाला नहीं है। बाबरी मस्जिद अब कभी नहीं बनेगी और सरकार अपनी विरासत को निरंतर सशक्त



■ बाबरी ढांचा फिर से नहीं बनेगा, कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

करती रहेगी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया। कई सरकारें आईं और गईं, अनेक राजा-महाराजा हुए, लेकिन राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सका। आज यह कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा, ष्राम सबके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अवसरवादी रवैया अपनाते हुए संकट के समय राम को याद करते हैं और शेष समय उन्हें भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को अब आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत की प्रतीक्षा करने के बजाय हिंदुस्तान में कानून का पालन करना सीखें। कानून मानेंगे तो लाभ में रहेंगे, अन्यथा कानून तोड़ने वालों का भविष्य अंधकारमय होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतवासी का ध्येय 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' होना चाहिए। देश वैभवशाली और विकसित बने, यही सरकार का लक्ष्य है।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे।

## खड़गे ने केंद्र पर संप्रभुता, किसानों एवं उद्योग से विश्वासघात का लगाया आरोप

# किसानों की पीठ में घोपा गया छुरा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के साथ हुए समझौते को 'ट्रैप डील' करार दिया और कहा कि इस समझौते की सच्चाई अब धीरे-धीरे सामने आ रही है और यह भारत के रणनीतिक, आर्थिक और कृषि हितों के खिलाफ है।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए आरोप लगाया कि रूसी तेल को लेकर भारत की रणनीतिक मामलों से समझौता किया गया है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि किसानों के 'पीठ में छुरा' घोंपा गया है। पहली बार भारतीय कृषि को विदेशी उत्पादों के लिए पूरी तरह खोला गया है। व्हाइट हाउस के नए दस्तावेज में चुपचाप 'दालों' को शामिल किया गया, जो पहले संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं थीं।



■ जीएम पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ किसानों और पशु धन को नुकसान होगा

कांग्रेस अध्यक्ष ने डेयरी क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिकी आनुवंशिक रूप से परिवर्तित (जीएम) पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ दुग्ध किसानों और देशी पशुधन को नुकसान होगा। उन्होंने परिधान उद्योग पर असर का जिक्र करते हुए कहा कि जहां भारत पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क थोपा गया, वहीं बंगलादेश को शून्य शुल्क का लाभ दिया गया। खड़गे ने सवाल किया कि यह जीत है या फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झूठी लोकप्रियता में लिपटी देशहित की कुर्बानी।

### भाजपा सांसद के 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर भड़के तृणमूल सदस्य

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के कोलकाता बंदरगाह के एक हिस्से पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उसे 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी की। प्रश्नकाल शुरू होते ही भट्टाचार्य ने बालागढ़ लॉजिस्टिक्स परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए अंग्रेजी में अपना पूरक प्रश्न पूछा। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के बंगला भाषा में इसका जवाब देते हुए कहा कि यह परियोजना 900 एकड़ में होगी जिसमें कोलकाता के मौजूदा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की 300 एकड़ जमीन भी शामिल है।

### विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है।

# भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के अनुपालन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को विधान परिषद में 2026-27 के बजट सत्र के दौरान स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी सेवाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प पर पूरी तरह दृढ़ है। उन्होंने कहा कि आरक्षण नीति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है और सभी भर्तियां नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से की जाएंगी।

उप मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि प्रदेश में सरकारी सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुस. ूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी एक वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है, बल्कि आरक्षित वर्ग का कोई भी पात्र अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में भी चयनित हो सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को शासनादेश जारी किया जा चुका है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84273.92
निफ्टी 25935.15



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200 अंक से अधिक के बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। टॉटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत



से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील में भी करीब तीन फीसदी की तेज रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एलएंडटी, टीसीएस, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# चांदी और सोने की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। सोना 1,525 गिरकर 1,57,550 पर आ गया, चांदी भी 3,129 सस्ती होकर 2,57,567 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। मंगलवार को खरीदारों और निवेशकों के लिए अच्छी खबर आई।

चांदी 4.20 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 1.63 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है। वहीं सोना 1.94 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 37,000 रुपये से ज्यादा नीचे जा चुका है। अगर कोई भारतीय नागरिक एक साल से ज्यादा समय विदेश में रहा है, तो वह सीमित मात्रा में सोने के गहने बिना ड्यूटी भारत ला सकता है। पुरुषों के लिए यह सीमा 20 ग्राम और महिलाओं के लिए 40 ग्राम है। यानी पुरुष यात्री 20 ग्राम और महिला यात्री 40 ग्राम तक के सोने के गहने बिना किसी टैक्स यानी ड्यूटी फ्री ला सकते हैं। रीवा के सर्राफा व्यपारी लखनलाल खंडेलवाल कहते हैं कि



सिर्फ विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि भारत में शादियां हो या कोई त्योहार हो, एक दूसरे को उपहार दिया ही जाता है। ऐसे मौके पर कई लोग सोना-चांदी जैसे मूल्यवान धातुएं तोहफे में देते हैं, लेकिन इन मेटल्स की कीमत बढ़ने के कारण अब लोग सोना चांदी खरीदने का प्लान कैंसिल करके दूसरे ऑप्शन (हीरा, प्लैटिनम, आभूषणों के अलावा अन्य उपहार) की तलाश कर रहे हैं। सोने चांदी की कीमतें बढ़ने के पीछे भू राजनीतिक तनाव का बढ़ना, फेड रेट कट की बढ़ती उम्मीद और मार्केट में बढ़ रही अनिश्चितताओं की स्थिति है। सोने के दाम बढ़ने के कारण मध्य और गरीब परिवारों के लिए सोना खरी. दना महंगा हो गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के भाव गत दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की औसत कीमत 42 रुपये और उड़द दाल की 20 रुपये बढ़ गई। मसूर दाल 12 रुपये और मूंग दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में



मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम टॉयल का अप्रैल वायदा 63 रिंगिट टूटकर 4,097 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.49 प्रतिशत फिसलकर 56.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में वनस्पति की औसत कीमत 60 रुपये और मूंगफली तेल की 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम टॉयल 13 रुपये और सोया तेल 10 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल छह रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे, जबकि चीनी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**लोकसभा अध्यक्ष...**

फरवरी और तीन फरवरी का विवरण दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। विपक्ष के नोटिस में श्री बिरला के उस बयान को भी दिया गया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं आने का कारण बताया है। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल का है, जबकि दूसरे स्थान पर द्रमुक के टीआर बालू का और फिर समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव का है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर फैसला किया है कि वह अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे तक सदन में नहीं जाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका यह कदम कांग्रेस की ओर से मंगलवार से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद आया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के सचिव को निर्देश दिया कि वह उनके खिलाफ अविश्वास नोटिस की समीक्षा करें और उपयुक्त कार्रवाई करें। वहीं, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि (लोकसभा में विपक्ष के नेता) राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। पात्रा ने कांग्रेस पर तमिलनाडु के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना का आरोप भी लगाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सूत्रों के अनुसार, कुल 118 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष के सां. सदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी।

**पेंग्विन रैंडम...**

दौरान संस्मरण के कुछ हिस्सों का जिक्र किया, जिसे उन्होंने 'प्रिंट से पहले का' स्वरूप बताया। उनकी बातों का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया, जिससे सदन में बार-बार रुकावट आई। इस मुद्दे पर कई बार रोक लगने के बावजूद, लोकसभा ने आखिरकार विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज़ फोरम पर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की कथित प्रिंट-पूर्व संस्करण की मौजूदगी के बारे में चल रहे दावों पर ध्यान दिया है। विशेष सेल ने एक मामला दर्ज किया है, ताकि 'मंजूरी मिलने से पहले प्रकाशन के कथित वितरण' की जांच की जा सके। पुलिस अधिका. रियों ने पुष्टि की कि इन दावों की असलियत जांच करने और कथित वितरण के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में 17.6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और अच्छी फसल के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 17.61 प्रतिशत बढ़कर 27,22,558 इकाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में दुपहिया की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 20.82 फीसदी बढ़कर 18,52,870 इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 5,13,475 इकाई रही, जो 7.22 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15.07 प्रतिशत और तिपहिया की 18.80 प्रतिशत बढ़ी। देश में जनवरी में कुल 1,07,486 वाणिज्यिक वाहन और 1,27,134 तिपहिया वाहन बिके। ट्रैक्टरों की बिक्री 22.89 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,14,759 इकाई पर पहुंच गई। निर्माण उपकरणों की बिक्री में 21.09 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 6,834 इकाई दर्ज की गई। बिक्री बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दुपहिया वाहनों का रहा। दुपहिया वाहनों की 56 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में और 44 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में हुई।

# जानबूझकर अस्थिरता व भ्रम का माहौला बना रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के प्र्वक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को विशेष गहन पुनीरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह संसद और संवैधानिक संस्थानों को लेकर देश में जानबूझकर अस्थिरता और भ्रम का माहौल बना रही है।

पात्रा ने मंगलवार को यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला आज का नहीं है, बल्कि जब से भाजपा-राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक संस्थानों पर लगातार हमले कर



रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस और अब ममता बनर्जी एसआईआर को फर्जी बताकर भाजपा एवं भारतीय लो. कतंत्र के खिलाफ एक खास नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह प्रचार कर रहा है कि एसआईआर चुनावी सूची की शुचिता के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के राजनी. तिक लाभ के लिए है और यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी है। पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह सुश्री ममता ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया था कि एसआईआर के माध्यम से पश्चिम बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि एसआईआर को रोका नहीं जाएगा, जिसे उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए करारा झटका बताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय लो. कतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को और मजबूत करता है।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ईपीएफ राशि खातों में जमा कराने की उठी मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से की जा रही ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कटौती की राशि कर्मचारियों के खातों में अनिवार्य रूप से जमा कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने इस विषय को लोक महत्व का बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राज्य में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण आम बात थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन संबंधित धनराशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है। इस स्थिति से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे लगातार संबंधित विभागाध्यक्षों से शिकायत कर रहे हैं।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नि और एक बच्चा गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार हो गया। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाकर ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान घंटों जाम लगा रहा। मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के गांव कुन्डा चौसाना निवासी लगभग 32 वर्षीय युवक सलीम अहमद पुत्र इंतजार अली मंगलवार की देर शाम अपने घर से बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव रियावली नंगला में बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल में जा रहा था। बाइक पर उसकी पत्नि और एक बच्चा भी बैठा हुआ था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कांधला मार्ग पर स्थित नयी सब्जी मंडी के पास आया तो एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने बाइक में ट्रक की जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक दूर तक घिसटती चली गयी। जिसमें बाइक चालक सलीम अहमद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नि और बच्चा घायल हो गये। आते जाते लोगों की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्मार्टम के लिए भिजवाकर दोनों घायलों को सीएचसी भेजकर फरार चालक की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर जाम भी लगा जो पुलिस ने खुलवाया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी तो वे रोते बिलखते हुए मोर्चरी और हस्पताल पहुंचे तो वहीं गांवध नंगला से भी ग्रामीण पहुंच गये थे।

## लापरवाही में स्कूटी चलाना जानलेवा हो सकता है

**मुजफ्फरनगर।** एक बेहद दिल दहला देने वाली और सावधान करने वाली खबर! आनंदपुरी मोहल्ले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला अपने छोटे बच्चों को स्कूटी पर लिए खड़ी है। जैसे ही बच्चा उतरने की कोशिश करता है, उसका हाथ एक्सीलेटर पर लटक जाता है। स्कूटी अचानक रेस पकड़ लेती है और तेज स्पीड से दौड़ने लगती है। महिला और बच्चे काबू नहीं कर पाते और स्कूटी सामने की दीवार से जोरदार टक्कर मारकर नाली में गिर जाती है। मौके पर मौजूद लोग दौड़कर आए और महिला व बच्चों को बड़ी मुश्किल से नाली से बाहर निकाला। सभी घायल हैं, लेकिन बच्चे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि बच्चों के साथ स्कूटी चलाते वक्त कितनी सावधानी बरतनी जरूरी है। एक्सीलेटर पर बच्चे का हाथ लगना, बिना हेलमेट या सुरक्षा के स्कूटी चलाना – ये छोटी-छोटी लापरवाहियां जानलेवा साबित हो सकती हैं।

# बझेड़ी विवाद में तीन आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

## सोमवार की शाम मामूली बात को लेकर हुई थी फायरिंग, कई के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बता दे कि सोमवार की रात नई मंडी क्षेत्र के समीपवर्ती गांव बझेडी में मामुली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। यहां पर लाठी-डंडे, हाथापाई के साथ लाइंस. ेसी हथियारों का इस्तेमाल होना भी बताया गया था। सूचना के कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंचे सीओ मंडी ने भारी पुलिस बल के साथ स्थिति पर तुरंत ही काबू पा लिया था यह विवाद फूल मिया और हाजी मुसा पक्ष के बीच बताया गया था। इस समय चर्चा थी कि पुरानी रंजिश के चलते विवाद हुआ है, लेकिन एक अन्य मामला भी इस रंजिश का बताया गया था। पुलिस ने रात्रि में ही इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लाइंसेसी पिस्टल और तीन कारतूस 32 बोर तथा एक खोखा बरामद होना बताते हुए कहा कि इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी भी कर ली गई।

सूत्रों का कहना है कि गांव बझेडीमें दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है और सोमवार को इस रंजिश ने गम्भीर रूप धारण कर लिया था जिसके बाद दोनो ही पक्ष आमने सामने आए और मारपीट, गालीगलौच के बाद यहां पर फायरिंग भी हुई, ऐसा लोगों का कहना है। विवाद के पीछे मस्जिद के इमाम और पानी की टंकी के उपयोग को लेकर बताया जा रहा है। रंजिश तो पुरानी थी और इस रंजिश में मामुली सी कहा. सुनी ने आग में तेल डालने का काम किया जिससे दोनो ही पक्ष एक दूसरे की जान के दुश्मन बन गए।

यहां पर फायरिंग हुई जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी। जब मामला नई मंडी कोतवाली पहुंचा तो मौ. अथर पुत्र मूसा की ओर से एक शिकायती तहरीर दी गई जिसमें बताया गया कि मस्जिद में नमाज के दौरान फूल मिया और मौ. हुसैन ने उनके परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौच की। और विरोध करने पर मारपीट करनी शुरू कर दी। यह भी आरोप लगाया गया कि अथर अपने पिता मूसा और चाचा मुनव्वर के साथ जब अपने घर लौट रहे थे तो आरोपी पक्ष ने वैध-अवैध हथियारों से पीछा कर गोलियां चला दी और आरोपी उनके घर में घुस आए। इस घटना में अथर, मूसा और मुनव्वर को चोटे आई। पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया। सीओ राजू कुमार साव ने बताया कि आरोपी फूलमिया पुत्र अख्तर, मौ. हुसैन पुत्र अख्तर और हरसील पुत्र खुर्शेद, याहया पुत्र फूलमिया और अब्दुल रहमान पुत्र अफजाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नई मंडी कोतवाल का कहना है कि इस मामले में मौ. हुसैन उर्फ लाल्ला, फूलमिया और अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर लोगों का कहना है कि भीड को आता देखकर दूसरे पक्ष ने फायरिंग की थी। कुल मिलाकर आज दूसरे दिन मंगलवार को भी इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाए फैलती रही।

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर लूट

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी नफीस अहमद पुत्र जहीर अहमद ने उपजिलाधिकारी चांदपुर के नाम लिखे शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपने बच्चों के आधार कार्ड सही करने के लिए गोयली फीना चौक स्थित एक साइबर कैफे के संचालक मौहम्मद सदीक के ग्राहक सेवा केंद्र पर चांदपुर पर स्थित पर गया था, जहां पर उससे बच्चों के आधार कार्ड ठीक करने का नाम पर 3000 रूपए ले लिए गए। मजबूरीवश उसने पैसे दे दिए लेकिन समय सीमा निकलने के बाद जब वो अपने बच्चों के आधार कार्ड लेने गया तो केंद्र संचालक ने उसके बच्चों के आधार कार्ड ठीक नहीं होते हुए हुए, कैंसिल हो जाना बताया। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड कैंसिल हो गए हैं जो कि अब दोबारा बनाए जाएंगे। पीड़ित का आरोप है कि दोबारा बनाने के नाम पर फिर उसे 2300 रुपए की डिमांड रखी गई जो कि गरीब व्यक्ति होने के नाते नहीं दे पाया। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से ऐसे सेवा केंद्र संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई करने की गुहार लगाई है।

## बस चालक और रिक्शा चालक में मारपीट का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के जानसठ तहसील मुख्यालय से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर स्थित नगर पंचायत जानसठ के काले गेट के ठीक सामने प्राइवेट बस चालक और ई रिक्शा चालक के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इस मारपीट के चलते कुछ समय के लिए पूरा नेशनल हाईवे जाम हो गया। आपको बताते चलें यहां प्राइवेट बस संचालको द्वारा अवैध रूप से नेशनल हाईवे पर बस स्टॉप संचालित हो रहा है। जिससे रोजाना सड़क दुर्घटनाएं और मारपीट की घटनाएं आम बात हो गई हैं।

# मंत्री कपिल की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन ने दी 419.47 करोड़ की स्वीकृति

## मेरठ, हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर मुजफ्फरनगर बाईपास परियोजना को मिली गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग और उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल की मांग पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में मेरठख्हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर मुजफ्फरनगर बाईपास के आरंभिक भाग में महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास कार्यों हेतु 419.47 करोड़ की लागत से परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है।

राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत मुजफ्फरनगर बाईपास के प्रारंभ बिंदु पर 6-लेन फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा, साथ ही इसके सहायक मार्गों का विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान 4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को 6-लेन तक चौड़ा किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय तथा अंतरराज्यीय यातायात को बेहतर क्षमता और गति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य मुजफ्फरनगर शहर में प्रवेश और निकास करने वाले वाहनों के कारण वेहलना चौक के पास उत्पन्न होने वाली यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम एवं निर्बाध यातायात प्रवाह सुनिश्चित करना है।

इसके माध्यम से दिल्ली उत्तराखंड कॉरिडोर पर यात्रा समय में कमी आएगी तथा माल परिवहन, तीर्थ एवं पर्यटन यातायात को विशेष लाभ प्राप्त होगा। राज्य मंत्री ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत प्रमुख चौराहों पर ग्रेड-सेपरेटेड संरचनाओं का निर्माण, जंक्शनों का सुधार एवं आधुनिकीकरण, क्रॉस-ड्रेनेज संरचनाओं का चौड़ीकरण तथा सुरक्षित और कुशल आवागमन सुनिश्चित करने के लिए स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही यह परियोजना नियोजित शहरी विस्तार को प्रोत्साहित करते हुए रिबन डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगी। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना-संभावित स्थलों (ब्लैकस्पॉट) पर वाहन अंडरपास (टन्च) का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और स्थानीय यातायात के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग उपलब्ध हो सकेगी। यह परियोजना मुजफ्फरनगर तथा आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को आधु. निक एवं सुचारु बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक गति. विधियों, औद्योगिक परिवहन, कृषि आपूर्ति श्रृंखला और धार्मिक पर्यटन को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा प्रदान करेगी।



मुजफ्फरनगर: दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करने पहुंचे राज्यमंत्री कपिल।

# माउंट लिट्रा स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, मुज़फ्फरनगर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों को सरकार के निर्देशानुसार एल्बेंडाजोल टैबलेट का सेवन कराया गया।

इस अवसर पर बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाली समस्याओं, उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले प्रभाव तथा कृमि मुक्ति के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने, नियमित हाथ धोने, साफ़ पानी पीने एवं संतुलित व पौष्टिक भोजन करने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य डॉ. के.जी. अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ बनाकर एक सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने एल्बेंडाजोल टैबलेट के नियमित सेवन को बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक बताया तथा सभी छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुई जागरूकता कार्यशाला

## एसपी क्राइम और अपर जिला अधिकारी ( वित्त ) की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता का कार्यशाली का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिजीटल युग में बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कियागया है। इस कार्यशाला में अधिकारी व कर्मचारियों को ऑनलाइन धोखाधडी से बचाव और सतर्कता के उपयोगी की इंटरनेट की सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

कचहरी परिसर स्थित सभागार में सुरक्षित इंटर दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस आयोजन में स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित भविष्य की थीम के अन्तर्गत किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू सिद्धार्थ व अपर जिला अधिकारी (वित्त) गजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को इंटरनेट सुरक्षा के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया और इस कार्यक्रम को ेलकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान साइबर अपराधों की बदलती प्रकृति पर विस्तार से चर्चा की गई। और अधिकारियों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरूपयोग, फर्जी लिंक ओर कॉल, डिजीटल गिरफ्तारी (डिजीटल एरेस्ट), ओटीपी धोखाधडी एवं बैंकिंग फ्राड विषय पर जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड से बचने के लिए उपाए समझाने के लिए जानकारी परख वीडियों भी दिखाई गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है और स्मार्ट तकनीक के साथ सुरक्षित सोच अपनाना भी जरूरी है। यदि सतर्कता न बरती गई तो साइबर अपराधी आसानी से अपना शिकार लोगों बनाता रहेगा। इसलिए इंटरनेट और स्मार्ट तकनीक का उपयोग करे।

कार्यशाला में यहां आए लोगों को साइबर हेल्प नम्बर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट के महत्व की जानकारी दी गई।

# सिर में धारदार हथियार मार कर गंभीर रूप से किया घायल

**पैसे देने से मना करने पर बढ़ा विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्र के गांव मंदौड में भतीजे ने चाचा के सिर में धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्वजन ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मंगलवार की शाम लगभग आठ बजे गांव मंदौड निवासी ओमवीर सिंह पुत्र हरफूल से उसका पुत्र विनीत दारु पीने के लिए पैसे मांग रहा था। पिता के मना करने पर विनीत अपने पिता के साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगा। विनीत के चाचा महिपाल सिंह ने जब अपने भतीजे को समझाने की कोशिश की तो उसने धारदार हथियार से अपने चाचा के सिर पर वार कर दिया।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। ओमवीर सिंह ने अपने पुत्र के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अभी तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई।



मुजफ्फरनगर: लट्ठ पूजन में शामिल क्रांति सेना महिला मोर्चा की कार्यकर्ता।

# क्रांति सेना ने किया लट्ठ पूजन

## वैलेंटाइन-डे पर भारती संस्कृति को बदनाम नहीं होने देने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना कार्यालय पर महिला मोर्चा क्रांति सेना की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व व शिवसेना द्वारा लठ पूजन का कार्यक्रम किया गया 14 तारीख में वैलेंटाइन डे की विरोध में लठ पूजन का कार्यक्रम किया।

अगर कोई भी रेस्टोरेंट में संदिग्ध हालत में मिल गया तो हम उसका लठो से इलाज कर देंगे इसलिए आज हमने लठ पूजन का कार्यक्रम किया है जहां मिलेंगे बंटी बबली तोड़ देंगे हढी पसली का नारा हमने लगा दिया है और जो ना माने झंडे से मार देंगे डंडों से हमने प्रशासन को और हमने शासन को सभी को एक लेटर भी जारी कर दिया है कि 14 तारीख में पुलवामा में जो अटैक हुआ था। उसके लिए ब्लैक डे मनाना चाहिए ना कि वैलेंटाइन डे वैलेंटाइन डे से हमारे समाज में गंदगी फैल रही है और समाज में जो बच्चे हैं वह बिगड़ रहे हैं कोई वैलेंटाइन डे बना रहा है कोई कोई रोज डे बना रहा है कोई चॉकलेट डे बना रहा है अरे ऐसे डे बनाने से तो अच्छा है पुलवामा जो शहीद हुए हैं उनके लिए श्रद्धांजलि का दिन होना चाहिए उसे दिन ब्लैक डे घोषित होना चाहिए इसलिए आज हमने लठ पूजन किया है और 14 तारीख में भी अगर कोई हमें मिल गया तो हम उसे वहीं पर गंजा कर देंगे लठो से इलाज कर देंगे इस अवसरपारा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के साथ जिला उपाध्यक्ष पूनम चल सुमन ब्रिवकर्मा जिला उपाध्यक्ष नगर अध्यक्ष राखी प्रजा. पति नगर उपाध्यक्ष मोनिका प्रजा. पति ब्लॉक अध्यक्ष निधि शर्मा मिथिलेश गिरी अनीता प्रजापति सुमन प्रजापति, सीमा ब्लॉक उपाध्यक्ष, मीनू शर्मा सरिता शर्मा अनोखी दुबे आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं के साथ छेड़छाड के आरोपी अध्यापक का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक पर नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने व पैसे का लालच देकर बुरी नियत जाहिर करने का आरोप लगा था पुलिस ने आरोपी अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को आरोपी का शान्ति भंग मे चालान किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को थाने पर मुक. दमा दर्ज कराते हुए बताया था की गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मे उसकी बेटी कक्षा पांच की छात्रा है तथा इसी विद्यालय मे गांव की दूसरी छात्रा कक्षा चार मे है। दोनों छात्राएं स्कूल गयी थी। दोपहर को छुट्टी के समय सभी बच्चे स्कूल से जाने लगे ठीक उसी समय उसकी बेटी स्कूल मे अकेली रह गयी तभी प्रधानाध्यापक ने उसे व बराबर से कक्षा चार की छात्रा को अपने पास बुलाया। आरोप है की तभी अध्यापक ने छात्राओं के बुरी नियत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें शुरू कर दी। आरोपी पैसे का लालच देकर कमरे का दरवाजा बंद करने लगा तो छात्राओं ने चीख पुकार शुरू कर दी।शराब पिए हुए आरोपी ने छात्राओं को धमका कर चुप करते हुए कहा की अब मै तुम्हे छोड़ता हूँ तुम दोनों मुझे शराब ठेके के पास जंगल मे मिलना।जिसके बाद दोनों छात्राएं बदहवास हालत मे घर पहुंची और घटना के बारे मे परिजनों को बताया। पुलिस ने आरोपी अध्यापक सतीश कुमार निवासी गांव नन्हेड़ा के खिलाफ छेड़छाड़ व पोक्सो के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत मे लिया था।

# उद्योगपतियों को धमकी में मुकदमा दर्ज

## तीन नामजद सहित 100 लोगों पर कार्यवाही शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उद्यमियों द्वारा की गई शिकायत को पुलिस प्रशासन गम्भीरता से ले रहा है। इसका उदाहरण यही से लिया जा सकता है कि शिकायत के बाद पुलिस ने तीन नामजद सहित करीब सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं का मुकदमा दर्ज किया गया है। उद्यमियों ने शिकायत में कुछ लोगों पर फैक्ट्री में घुसकर हंगामा, फैक्ट्री उखाडने और अन्य गम्भीर आरोप लगाए थे। इस दौरान उद्यमियों ने अपनी जान-माल का खतरा भी बताया था।

बता दे कि विगत दिवस उद्यमी और फैक्ट्री मालिक अंशुल सिंघल और उत्कर्ष जैन तथा अन्य उद्यमियों ने जिलाधिकारी और एसएसपी को मिलकर कुछ लोगों पर फैक्ट्री में घुसकर हंगामा, धमकी और अन्य गम्भीर आरोप लगाए थे। जब उद्यमियों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को यह बताया कि यदि उनके साथ ऐसे ही होता रहा ओर उनकी सुरक्षा नहीं की गई तो जनपद से उद्योग में कमी आ जाएगी। इस मामले को गंभीरता से लिया गया और सहारनपुर रोड स्थित श्री तिरूपती इंटरप्राईसेस नामक फैक्ट्री के मालिक अंशुल सिंघल और उत्कर्ष जैन द्वारा छह फरवरी को घटना बताई थी जिसमें अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिए थे।

पुलिस को बताया गया था कि कुछ असामाजिक तत्व दीवार कूदकर फैक्ट्री में घुसे और कर्मचारियों के साथ मारपीट ओर बदसलूकी की। जबरन गेट खोला और पत्थर बाजी की गई। यहां पहुंची भीड ने बिल्लू राणा, आशीष त्यागी और विशाल सिंह के कहने पर नारेबाजी और अभद्रता भी की थी ऐसा आरोप फैक्ट्री के मालिको ने लगाया था। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण विभाग के कनिष्ठ अभियंता भी मौकेपर पहुंचे थे जिन्होने बताया था कि फैक्ट्री सरकारी मानको के अनुरूप ही चलाई जा रही है और उनके पास एनओजी भी मौजूद है, लेकिन उनके बावजूद भी उनकी फैक्ट्री में हंगामा किया गया।

इस मामले की शिकायत फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज के सचिव अभिषेक अग्रवाल और उद्यमियों ने प्रदर्शन भी किया था। उद्योगपतियों का कहना था कि फैक्ट्रिया ईमानदारी से चलाई जा रही है, लेकिन इसके बाद भी उन्हे परेशान किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किशोरी के अपहरण में डॉक्टर आरिफ गिरफ्तार

**भाई, बहनौई और पिता को भेज चुकी है जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** पुलिस ने लडकी को बहला फुसलने के मामले में फरार चल रहे आरोप को गिरफ्तार कर लिया है। तितावी पुलिस आरोपी की गिरफ्तारीके से पहले उसके भाई, बहनोई और पिता पर कार्यवाही कर चुकी है। यह मामला पोस्को और धर्म परिवर्तन जैसी गम्भीर धाराओं में दर्ज किया गया था।

बता दे कि तितावी थाने में आरिफ पुत्र सलीम निवासी बघरा थाना तितावी आदि के विरूद्ध पोस्को एक्ट व धर्म परिवर्तन जैसी संगीन धाराओं का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस को बताया गया था कि आरोपी आरिफ पुत्र सलीम किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया है।

पुलिस को यह भी बताया गया था कि डॉक्टर आरिफ ग्राम नंगला पिथौरा में डॉक्टर की दुकान करता था और वहां रहते हुए किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया। और बहला फुसला कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में डॉक्टर के भाई और बेहनोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। और इसके बाद जब आरिफ गिरफ्तार नहीं हुआ तो पुलिस ने उसके पिता को भी गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि अब तितावी पुलिस ने आरिफ को भी गिरफ्तार कर लिया है और लिखापढ़ी के बाद उसको जेल भेज दिया।

# जल निकासी के लिए 37 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज एवं जल निक. ासी योजना के तहत मुजफ्फरनगर में जेल गेट से गांधी कॉलोनी, पचेण्डा रोड होते हुए बाईपास तक नाला निर्माण कार्य के लिए कुल 37 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के उद्देश्य से 5 करोड़ की प्रथम किस्त भी अवमुक्त कर दी गई है। यह परियोजना पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी लाभ देने वाली मानी जा रही है। संबंधित मार्ग शहर का प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां वर्षों से जलभराव, गंदे पानी की निकासी और लगातार लगने वाले जाम के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाला निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही यह मार्ग अधिक चौड़ा, सुगम और सुरक्षित बनेगा, जिससे यातायात व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। व्यापार, आवागमन और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी परियोजना की स्वीकृति पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और जनहित के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे पुरकाजी के विकास की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम बताया है।

# सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की मौत से शोक

■ शोक में न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विगत दिवस एक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए अधिवक्ता सुगन्ध शेखर आर्य का उपचार के दौरान जनपद मेरठ के चिकित्सालय में निधन हो गया। इस बात की सूचना जैसे ही बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को मिली तो उन्होंने एक शोक सभा करने के बाद नौ वर्क की भी घोषणा कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर गढ़ी का रहने वाला अधिवक्ता सुगन्ध उर्फ शेखर एक सडक हादसे में घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसे मेरठ चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था।

मेरठ चिकित्सालय में उपचार के दौरान अधिवक्ता का निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में शोक छा गया। मंगलवार को शोक सभा का आयोजन हुआ।

शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई। सबकी सहमति से संपूर्ण नौ वर्क की भी घोषणा हुई।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, बार महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्वध्‍ अध्यक्ष अशोक राठी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, एसपी मलिक, प्रशांत शर्मा, मेहराज कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, आबाद कुरैशी, संजय त्यागी और मौहम्मद मियां रिजवानी सहित अन्य कई अधिवक्ताओं की भी मौजूदगी रही।

# एसडीएम के आश्वासन के बाद सिकंदरपुर में खाट धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव सिकंदरपुर में सीकरी मार्ग पर जल भराव की समस्या से परेशान ग्रामीण समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीण गंदे पानी के बीच खाट बिछाकर धरना दे रहे थे। तीसरे दिन मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भाजपा व रालोद नेताओं तथा ग्रामीणों के बीच 15 दिनों मे समस्या के समाधान का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग जल भराव के बीच खाट बिछाकर धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी सांसद प्रतिनिधि जगपाल सिंह को वरिष्ठ नागरिक बरफ सिंह व कृष्णपाल सिंह ने बताया की गांव के खसरा नंबर 571 मे 15 बीघा भूमि का तालाब है। जिसमें 1977 मे चार व्यक्तियों को छरूबीघा भूमि का आवंटन किया था जिसे 1980 मे निरस्त कर दिया गया था। अना. धिकृत रूप से 1996 मे एक व्यक्ति को 9 बीघा भूमि पट्टे के रूप मे आवंटित की गयी। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया। मामला न्यायलय मे है।बीते 27 सितंबर को तहसील प्रशासन ने भू माफिया से सांठ गांठ कर व ग्रामीणों को धमका कर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कराकर वहां दीवार कराकर पानी की निकासी को बंद करा दिया जिससे मार्ग पर पानी फैल गया।



प्रशासन भूमाफिया से तालाब की भूमि को मुक्त कराकर पानी की निकासी को बहाल करे।

वहीं मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी जानसठ राजकुमार भारती ने 15 दिन के अंदर समस्या के समाधान तथा अतिक्रमण करने वाले पर कार्रवाई का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। इस दौरान मैंनपाल प्रधान, राजीव कुमार, शमशाद सिद्दीकी पूर्व प्रधान इरफान अली अप्पी, बिट्टू प्रधान,सुरेंद्र, अंकित कुमार काबज सिंह, जय सिंह, राजेंद्रपाल, राजन, धर्मवीर, विनय, रविंद्र, नरेंद्र, आत्माराम, रोहित एडवोकेट, शैलेंद्र मुकीज, ताहिर,फरमान, छोटा,तो. हिद शादाब, सतीश, मनोज, नदीम,सागर कुमार, वकार अहमद ज़ीशान आदि मौजूद रहे। वहीं नायब तहसीलदार बृजेश कुमार अजय कुमार,राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा व ग्राम सचिव इंदु कुमार,लेखपाल विकेश कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

# भाजपा की अंदरूनी खींचतान से खतौली की गद्दी फिर खतरे में

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैसे ही विधानसभा चुनाव 2027 की आहट तेज हुई है, वैसे ही भाजपा में एक बार फिर अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है। पूर्व विधायक विक्रम सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के बीच छिड़ी जुबानी जंग ने खतौली विधानसभा सीट को लेकर पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विधानसभा की जनता का मानना है कि यदि यह टकराव थमा नहीं, तो भाजपा को एक बार फिर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

खतौली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बीते कुछ चुनावों में आपसी मतभेदों का खामियाजा भुगतना पड़ा है। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी विक्रम सैनी की पत्नी की हार, इसके बाद निकाय चुनाव में उमेश कुमार केबिल वाले की पराजय और लोकसभा चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान की हार ये सभी उदाहरण पार्टी के भीतर की गुटबाजी की ओर इशारा करते हैं। इन सभी मुकाबलों में विपक्ष ने भाजपा की अंदरूनी कमजोरी का भरपूर फायदा उठाया। इसी कड़ी में अब एक बार फिर पूर्व विधायक विक्रम सैनी और जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी आमने-सामने हैं। विक्रम सैनी ने भाजपा की हालिया हारों के लिए सीधे तौर पर जिलाध्यक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि पार्टी के पुराने और अनुभवी नेताओं की अनदेखी कर उन्हें हाशिये पर धकेला गया। उनका कहना है कि इसी वजह से



संगठन कमजोर हुआ और चुनावी नुकसान हुआ। वहीं जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने पलटवार करते हुए विक्रम सैनी को ह्नभाईह्न बताते हुए कहा कि यह बयान हार की हताशा का नतीजा है। हालांकि दोनों नेताओं के बयानों ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी के भीतर खींचतान अभी खत्म होने के आसार नहीं हैं। इस आपसी टकराव के बीच सैनी समाज से ही एक नया चेहरा एडवोकेट राकेश सैनी भी सियासी मैदान में उतर आया है। राकेश सैनी निषाद पार्टी से जुड़े हैं, जिसका भाजपा से गठबंधन है, और वे खतौली विधानसभा सीट से भाजपा-निषाद गठबंधन के तहत टिकट की दावेदारी जता रहे हैं। इससे समीकरण और भी दिलचस्प हो गए हैं। उधर समाजवादी पार्टी से श्यामलाल बच्ची सैनी एक बार फिर सपा के टिकट की उम्मीद लगाए बैठे हैं। चूंकि खतौली विधानसभा सैनी बाहुल्य सीट मानी जाती है, ऐसे में सैनी समाज के भीतर बिखराव भाजपा के लिए भारी पड़ सकता है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष की यह जुबानी जंग भाजपा को 2027 में सत्ता तक पहुंचाएगी या एक बार फिर पार्टी को हार का स्वाद चखना पड़ेगा। फिलहाल तो खतौली की सियासत में उबाल है और सभी की निगाहें आने वाले घटनाक्रम पर टिकी हैं।

# खेल पोषण और आहार योजना विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर मे शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय ''खेल पोषण और आहार योजना'' था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग वी.वी. कॉलेज, शामली और डा. परमवीर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग गुरूकुल कांगडी ब्विवविद्यालय, हरिद्वार तथा विशिष्ट अतिथियों में डा. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या राम कॉलेज, डा अशोक कुमार, निदेशक राम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स राम कॉलेज, डा प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार ने कहा कि खेल पोषण (स्पोर्ट नूट्रीशन) एथलीटों के लिए संतुलित आहार है, जो प्रदर्शन बढ़ाने, मांसपेशियों की रिकवरी और ऊर्जा को अनुकूलित करने के लिए कार्ब्स, प्रोटीन और




सही हाइड्रेशन पर केंद्रित है। यह 5. -6. प्रतिशत जटिल कार्ब्स, 15-2.: प्रोटीन, और स्वस्थ वसा का मिश्रण है। यह योजना प्रशिक्षण से पहले ऊर्जा, दौरान हाइड्रेशन और बाद में मरम्मत के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. परमवीर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग गुरूकुल कांगडी ब्विवविद्यालय, हरिद्वार ने खेलो में पोषण के बारे में बताते हुये कहा कि एथलीट के लिए पोषण महत्वपूर्ण है क्योंकि यह गतिविधि करने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है।

उनके द्वारा लिया गया भोजन उनकी ताकत, प्रशिक्षण, प्रदर्शन और रिकवरी पर प्रभाव डालता है। खेल पोषण के लिए न केवल भोजन का प्रकार महत्वपूर्ण है, बल्कि दिन भर में वे क्या खाते हैं, इसका समय भी उतना ही महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या राम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विभाग भविष्य मे भी इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कराता रहे ताकि छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धन में सहायता मिलती रहें। इस अवसर पर डा. अशोक कुमार, निदेशक राम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्रवक्ताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेलो में अच्छे प्रदर्शन के लिये खिलाडी को संतुलित आहार लेना जरूरी है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने कहा कि सर्वोत्तम प्रदर्शन सही मात्रा में खाद्य पदार्थ (प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, फाइबर, आदि), तरल पदार्थ और पोषक तत्व प्रदान करके प्राप्त किया जाता है ताकि ऊर्जा को अधिकतम किया जा सके और खेल के बाद रिकवरी में सहायता मिल सके। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारी. रिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष, शारी. रिक शिक्षा विभाग वी.वी. कॉलेज, शामली और डा अब्दुल अजीज खान, कार्यक्रम समन्वयक द्वारा डा. परमवीर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग गुरूकुल कांगडी ब्विवविद्यालय, हरिद्वार को बुकें भेंट किया गया।कार्यक्रम के अंत मे भूपेन्द्र कुमार प्रवक्ता शारी. रिक शिक्षा विभाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर उन्होने दोनो मुख्य वक्ताओं का आभार प्रकट किया और सभी साथी प्रवक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता ब्विवदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र चौधरी, प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डा अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, तरूण, प्रशांत तथा ब्विवदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# एस.डी. ग्लोबल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी ग्लोबल स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक भावपूर्ण आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान कई शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिए, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु गोयल ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए और तनावमुक्त रहकर आत्मब्विवास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति रहीं अंकिता कुमार, पत्नी अनुभव कुमार। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकगण - रेनू गोयल, वैशाली, अनुष्का, मंजू, शैलजा , अर्चना, दीपशिखा , शिल्पा, अमिता, काजलश्वेता, अंजुली , शुभम, सतेंद्र, सागर, अली ,रवि , तालिब आदि का विशेष सहयोग रहा। आशीर्वाद समारोह के उपरांत कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों के लिए रिफेशमेंट की व्यवस्था भी की गई।

# महादेव की भक्ति में डूबा खतौली, कांवड़ यात्रियों से गूंजा नगर 'बोल बम' के जयघोष



**खतौली।** फाल्गुन माह की पावन महाशिवरात्रि जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, वैसे-वैसे खतौली में शिवभक्ति का रंग और गहरा होता जा रहा है। 15 फरवरी को मनाए जाने वाले महापर्व से पहले पूरा नगर भगवा आस्था में सराबोर दिखाई दे रहा है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की पदयात्रा ने कस्बे से लेकर नेशनल हाईवे तक शिवमय माहौल बना दिया है।

2 फरवरी से शुरू हुई फाल्गुन कांवड़ यात्रा के चलते बीते कई दिनों से विभिन्न जनपदों के शिव भक्त खतौली होकर गुजर रहे हैं। कंधों पर कांवड़, मुख पर श्रद्धा और जुबां पर 'हर-हर महादेव' व 'बोल बम' के जयकारों के साथ कांवड़िए जलाभिषेक के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। भगवा ध्वजों से सजे मार्गों पर भक्ति, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। महाशिवरात्रि के मद्देनज़र नगर के प्रमुख शिवालयोंकृथाम्भेवर मंदिर, झारखंड शिवालय, शिव मूर्ति मंदिर, गौरी शंकर-गौरी मंदिर और नाम्भेवर मंदि. रकृमें विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई के साथ-साथ भव्य सजावट की जा रही है। रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजे शिवालय भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शिव मूर्ति मंदिर के पुजारी बॉबी ने बताया कि फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन चारों पहर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। जलाभिषेक के दौरान ह्न नमः शिवायह्न का जाप करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। महा. शिवरात्रि के आगमन के साथ ही खतौली पूरी तरह शिव आराधना में डूब चुका है और आस्था का यह उत्सव अपने शिखर की ओर बढ़ रहा है।

# मंदवाडा में कैंप लगाकर बनाई फार्मर रजिस्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में इन दिनों फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिका. रियों के निर्देश पर ब्लाक अधिकारी घर-घर जाकर किसानों की आईडी बना रहे हैं। गांव मंदवाडा में कई किसानों के दस्तावेजों की जांच के बाद फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई गयी। यहां पर कैंप लगाकर किसानों की सहायता की जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री आईडी का मुख्य उद्देश्य किसानों का एक डिजिटल डेटाबेस तैयार करना है।

इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। आईडी बनने के बाद कृषि विभाग की अन्य योजनाओं, अनुदानों और सुविधाओं का लाभ भी किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा। इस आईडी के निर्माण के लिए संबंधित किसानों को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और जमीन के कागजात जमा. बंदी प्रस्तुत करने होंगे। इसी को लेकर ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मंदवाडा में मंगलवार के दिन युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर शिविर लगा।

जिसमें बुढ़ाना ब्लाक से एटीएम विशाल राठी ने उन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो रही थी। तैमूर अली राणा ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा की वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवा लें नहीं तो जो किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं कर पाएंगे वह सरकार के द्वारा मिलने वाली किसी भी योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इसलिए किसानों फार्मर रजिस्ट्री जरुर करा लें। यहां बिलकिस गफ्फार, इमरान, खान मोहम्मद, अजमत, जमशेद, दिलशाद, इरशाद, नौशाद, शकील की फार्मर रजिस्ट्री बनाई गयी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र निखिल कुमार सिंह व पुत्रवधु गुंजन मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। उनकी गलत उठ-बैठ व गलत हरकतों से परेशान आ चुका हूं। कई बार समझाने के बाद भी निखिल कुमार और उसकी पत्नी गुंजन समझने को तैयार नहीं है। और वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। मैने अपने पुत्र निखिल कुमार सिंह और पुत्रवधु गुंजन को दस फरवरी 2026 को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा अपने पुत्र निखिल कुमार सिंह और पुत्रवधु गुंजन से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता व सम्बन्ध नहीं रहेगा। उनके द्वारा किए गए गलत कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**बलराम आर्य पुत्र सुन्दर लाल निवासी-गौन्सरी टिहरी, गढवाल थाना चम्बा, हाल निवासी हरिपुरम कुकडा थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

हमारा एक आवासीय मकान स्थित मौहल्ला मॉडल टाऊन (लगभग ग्राम सुजडू बाहर हदूद) परग़ना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर में है। जिसकी रजिस्ट्री बही नं.-1 जिल्द संख्या 3374 पृष्ठ संख्या 161 से 182 पर क्रमांक 1661 दिनांक 12/02/2007 व बही नं0-1 जिल्द संख्या 5715 पृष्ठ संख्या 73 से 98 पर क्रमांक 9613 दिनांक 11/08/2010 है। जिसके दो पुराने बैनामे वास्तव में कहीं गुम हो गये है। जो काफी तलाश करने पर भी नही मिले है।

**श्रीमति खुशनसीब पत्नी श्री मौहम्मद इम्तियाज अली मौ. इम्तियाज अली पुत्र श्री मौहम्मद अशफाक हुसैन निवासीगण-मौहल्ला मॉडल टाऊन कॉलोनी, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 12356/01.11.2022 में नियमो की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम आनाबिया है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदनः जीशान अली पुत्र मेहरबान, निवासी -930/1 लद्दावाला उत्तरी, मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र गौरव कुमार आनन्द व उसकी पत्नी अन्जू रानी दोनों मेरे कहने सुनने मे नही है जिस कारण मे इन दोनों को अपनी चल अचल संम्पति से बेदखल करता हूँ भविष्य मे इनके द्वारा किया गया कोई भी कार्य व लेन देन का सम्बंध मुझसे व मेरे परिवार से नही होगा इनके द्वारा किया गया कोई भी कार्य के लिए वे स्वम जिम्मेदार होंगे

**डॉ अतर सिंह आनन्द स्वर्गीय चोहल सिंह गाँधी नगर मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश**

# विश्व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी, मुजफ्फरनगर के प्रार्थना सभा स्थल पर ब्विव राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों, उसकी रोकथाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सजग करना था। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। इसके कारण शारीरिक कमजोरी, रक्ताल्पता (एनीमिया), पेट दर्द, भूख न लगना, थकान, चक्कर आना तथा एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं प्रधानाचार्या ने कृमि संक्रमण से बचाव हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण उपायों पर विशेष बल दिया- भोजन से पूर्व हाथों को साबुन से अच्छी तरह



धोना, स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पीना, स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करना, कच्ची सब्ज़ियों एवं फलों को अच्छी तरह धोकर ही सेवन करना, नंगे पाँव चलने से बचना, संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करना, नाखूनों को नियमित काटना और उनकी सफ़ाई का ध्यान रखना। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, अतः सभी छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। छात्राओं को कृमि संक्रमण से संबंधित जानकारी, दवाइयों के लाभ तथा उनके सुरक्षित उपयोग के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। अंत में सभी छात्राओं ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## मेले में खोए बच्चों को पुलिस ने दादी को सौंपा

**बुढ़ाना/फुगाना।** शराबी पिता की लापरवाही दो बच्चों को कई घंटों तक परेशान कर गयी। हुआ यूं कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खरड निवासी एक युवक अपने दो बच्चों को उनकी जिद के चलते समीपवर्ती गांव खेड़ा मस्तान में लग रहे तीन दिवसीय धार्मिक मेले के खत्म होने के बाद आज बची खुची दुकानों पर लेकर गया। उसने शराब पी हुई थी। उधर बच्चे दुकानों में इधर उधर कुछ खरीदने की लालसा रखते हुए दुकानदारो से भाव ताव करने लगे उधर उनका पिता शराब के नशे में यह भूल गया कि वह मेले में अपने बच्चों को भी लेकर आया था। वह वहां से बक बक कर चलता बना और उधर कुछ देर बाद बच्चे अपने पिता को बिछुडे मेले में ही ढूंढने लगे।

बच्चों को रोते देखा तो उन्होंने ऐलान करवाया कि बच्चे किसके हैं तो कोई सामने नहीं आया। तब पुलिस ने बच्चों से बातचीत की तो बच्चों ने अपने आपको गांव खरड कि बताया तो पुलिस उनको खरड लेकर आ गयी। काफी देर बाद बच्चों का घर मिला और दोनों बच्चों को उनकी दादी कैलाशो को सौंप दिया।

ग्रामीणों ने पुलिस को बतलाया कि बच्चों का पिता शराब पीने का आदी है। जिसके चलते नशे की हालत में बच्चों को छोड़कर पता नहीं कहां चला गया।

# कोलोरेक्टल कैंसर को समझना और समय पर पहचान से बचाई जा सकती हैं ज़िंदगियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोलन और रेक्टम से जुड़ा कैंसर, जिसे कोलोरेक्टल कैंसर कहा जाता है, दुनिया भर में तेज़ी से बढ़ता हुआ लेकिन अक्सर नज़रअंदाज़ किया जाने वाला कैंसर है। यह बीमारी बड़ी आंत या रेक्टम में शुरू होती है और शुरुआती स्टेज में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे बढ़ती रहती है। इसी कारण कई बार इसका पता देर से चलता है। जबकि सच्चाई यह है कि समय पर पहचान होने पर यह कैंसर न केवल कंट्रोल में आ सकता है, बल्कि पूरी तरह ठीक भी किया जा सकता है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एंड यूनिट हेड डॉ. एस. एम. शोएब ज़ैदी ने बताया 'कोलोरेक्टल कैंसर इसलिए अहम है क्योंकि यह शुरुआत में 'खामोश' रहता है। 45 साल की उम्र के बाद हर व्यक्ति को, और उससे पहले उन लोगों को जिनके परिवार में कैंसर का



इतिहास है या जिनकी लाइफस्टाइल में रिस्क फैक्टर्स हैं, नियमित स्क्रीनिंग को अपनी हेल्थ रूटीन का हिस्सा बनाना चाहिए। स्क्रीनिंग सिर्फ एक टेस्ट नहीं, बल्कि खुद के लिए एक ज़िम्मेदार और समझदारी भरा कदम है। इसके ज़रिए प्री-कैंसरस पॉलिप्स को समय रहते हटाया जा सकता है और कैंसर को शुरुआती स्टेज में पकड़ा जा सकता है, जब इलाज सबसे ज़्यादा प्रभावी होता है।

हालांकि शुरुआती दौर में लक्षण नहीं दिखते, फिर भी शरीर कुछ संकेत देता है जिन्हें नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। जैसे स्टूल में खून आना या काला रंग होना, पेट में लगातार दर्द या ऐंठन, बिना वजह वज़न कम होना, बार-बार दस्त या कब्ज़, पेट साफ़ न होने का एहसास या हीमोग्लोबिन का अचानक कम हो जाना। ऐसे किसी भी लक्षण के बने रहने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना ज़रूरी है। अच्छी बात यह है कि कोलन को हेल्दी रखना मुश्किल नहीं है। फाइबर से भरपूर डाइट, हरी सब्ज़ियां, होल ग्रेन्स, पर्याप्त पानी पीना, नियमित वॉक, प्रोसेस्ड फूड और शराब से दूरीकृये सभी छोटे लेकिन असरदार कदम हैं। कोलोरेक्टल कैंसर सिर्फ बुज़ुर्गों की बीमारी नहीं है, यह आज के समय में आम और वास्तविक समस्या है, लेकिन जागरूकता और सही समय पर कदम उठाकर इसे हराया जा सकता है। खुद के लिए या अपनों के लिए, इस पर बात शुरू करना ही एक हेल्दी भविष्य की सबसे मज़बूत शुरुआत हो सकती है।

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यकः मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** न्याजुपुरा स्थित न्यू इंडियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने शैक्षिक, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से संस्कार, शिक्षा और राष्ट्रवाद का संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने यह दर्शाया कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का विकास भी उतना ही आवश्यक है। मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में भाईचारे, आपसी सौहार्द और देशप्रेम की भावना को मजबूती से प्रस्तुत किया।

समारोह के बीच राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष




चौधरी ने संस्था के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से लोगों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में मेल-मिलाप और आपसी एकता को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत में मनीष चौधरी ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यक हैं। सभी अतिथियों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें समाज, प्रदेश और देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा निरंतर किए जा रहे सामूहिक राष्ट्रगान जैसे आयोजन राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ सभी वर्गों के लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ सहभागिता कर समाज को जोड़ने का संकल्प लिया।

बीकेयू सर्वधर्म की प्रवक्ता मेराज जहां ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों से शिक्षकों के परिश्रम और विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा भी झलकती है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए भाईचारा बेहद जरूरी है और आजादी से लेकर विकास तक सभी वर्गों का योगदान रहा है।

विद्यालय के मैनेजर अब्दुल सलाम ने कहा कि समाज में एकजुटता और बच्चों में भाईचारे व राष्ट्रवाद की भावना विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, मोहम्मद आरिफ एमएसडब्ल्यूए के अध्यक्ष जफरयाब खान, बीकेयू सर्वधर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरशद अमीर, पवन कुमार, हाजी मोहम्मद फारूक, चौधरी शाहवेज मीर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दो कैफों पर छापा, नाबालिग युवक-युवतियां मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में संचालित कैफों में नाबालिगों की गतिविधियों को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बाद मंगलवार को खतौली पुलिस ने तिराहे के पास स्थित दो पिज़्ज़ा कैफों पर अचानक छापेमारी कर दी। कार्रवाई के दौरान कैफों के अंदर आधा दर्जन नाबा. लिग युवक-युवतियां बैठे पाए गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सभी नाबालिगों से पूछताछ की और परिजनों को सूचित करते हुए उन्हें भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की सख़्त हिदायत देकर छोड़ दिया। वहीं, कैफों में नियमों के उल्लंघन को लेकर पुलिस ने दोनों कैफों के दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इन कैफों को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि यहां नाबालिग युवक-युवतियां एकत्र होकर समय बिताते हैं, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। इसी के चलते पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की।

इस मामले में हिंदू रक्षा दल के नगर अध्यक्ष चंद्रपाल ने भी पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कैफे संचाल. कों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे कैफे नाबालिगों को गलत दिशा में ले जाने का माध्यम बनते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि यदि समय रहते ऐसे ठिकानों पर रोक नहीं लगी तो क्षेत्र का माहौल बिगड़ सकता है। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों कर्मचारियों का शांति भंग में चालान कर दिया था।

## घर में घुसकर महिला के साथ गाली गलौच कर किया जान से मारने का प्रयास

**छपार।** एक मकान में घुसकर आरोपी युवक ने महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट की ओर जान से मारने की नीयत से उसका गला भी दबाया। मोहल्ले के लोगों के आने पर वह भाग गया।

गांव खोजा नगला निवासी युसूफ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी जुबैदा सोमवार को घर में झाड़ू लगा रही थी उसी समय गांव का जमशेद घर में घुस आया ओर उसके घेर को अपना बताते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर मोहल्ले वाले आ गये उन्हें देखकर आरोपी भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**भोपा।** जट मुझेडा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। विद्यालय के उपाध्यक्ष के. के. आनंद ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। कृमि की वजह से कुपोषण, उल्टी दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना समेत अनेक बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। एल्बंडाजोल की दवाई खाने से पेट में पल रहे सभी प्रकार के कीटाणु खत्म हो जाते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार , उपाध्यक्ष के. के. आनंद प्रबंधक दुष्यंत कुमार व प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवाई के महत्व को बताते हुए बच्चों को कृमि बीमारी की जानकारी दी एवं इससे बचाव के उपाय बताएं जैसे नंगे पैर ना चलना, हाथ धोकर खाना खाने की सलाह दी। रहन-सहन खान-पान ठीक रखने की सलाह दी एवं अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। कृमि दवा का आवश्यक रूप से सेवन करने की सलाह दी ताकि कृमि से मुक्ति पाई जा सके । क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है अध्यापकों की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को सावधानीपूर्वक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। दवा देने से पूर्व बच्चों को हाथ धुलवाए गए और उन्हें दवा चबाकर खाने तथा उसके बाद पानी पीने के निर्देश दिए गए। छोटे बच्चों को शिक्षकों ने विशेष निगरानी में दवा खिलाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा । विद्यालय में लगभग 600 बच्चों को कृमि की दवाई खिलाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा खाटू श्याम का जागरण हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** कस्बे में राधे कृष्णा युवा मंच द्वारा बाबा खाटू श्याम का भव्य जागरण आयोजित किया गया। ये आयोजन चांदनी वाला मंदिर में हुआ। जिसका उद्घाटन समाजसेवी मोहित त्यागी एडवोकेट ने किया। जागरण में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोहित त्यागी ने विधि विधान से बाबा की महाआरती की और उनका आशीर्वाद लिया। मंच द्वारा बाबा का एक विशाल दरबार भी सजाया गया। यहां पर महाआरती के बाद जागरण की शुरुआत भगवान गणेश के भजन गाकर की गई। बिहार राज्य के जनपद समस्तीपुर की प्रसिद्ध गायिका रेशमी शर्मा ने बाबा के भजन प्रस्तुत किए। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। खासकर महिलाएं दो घंटे तक भक्ति में लीन रही। इसके बाद कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकार शुभम व रूपम की जोड़ी ने अपने भजनों से समां बांध दिया। जिससे जागरण की शोभा और बढ़ गई। राधे कृष्णा युवा मंच ने जागरण के लिए नई दिल्ली का मोरवी साउंड सिस्टम मंगवाया था। जिसे जागरण आयोजनों में उच्च गुणवत्ता वाला माना जाता है। यहां पर सभी श्रद्धालुओं के लिए शंकर पैलेस में प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। उद्घाटनकर्ता मोहित त्यागी ने इस सफल आयोजन के लिए राधे कृष्णा युवा मंच के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। यहां तुषार, निशांत, प्रणव, वाशु, शिवम, लविश, आर्यन, हंस, आर्य, अंश गुप्ता, शिवम कंसल, हिमांशु संगल, पीयूष संगल, नीरज, विकास आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस धूमधाम से मनाया

**बुढ़ाना।** कंपोजिट स्कूल डुंगर में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ में मनाया गया। शासनादेश अनुसार खंड शिक्षा अधिक. ारी मती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर बुढ़ाना मुजफ्फरनगर में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें इसी विद्यालय में उपस्थित समस्त बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाने के बाद एक एक एल्बैंडाजोल टैबलेट भी खिलाई गई। एल्बैंडाजोल टेबलेट्स खिलाने से पहले स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि टैबलेट खिलाने का मुख्य उद्देश्य 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़ों यानि कि कृमि संक्रमण से मुक्त करना है। यह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और शारीरिक विकास में सुधार करने के लिए किया जाता है। बच्चों में खून की कमी यानि कि एनीमिया को रोकना, पोषण स्तर बढ़ाना और स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार करना है। यह केंद्र सरकार द्वारा स्कूलों में मुफ्त में पिलाई व खिलाई जाती है। यह बच्चों की पढ़ाई और शारीरिक विकास को बेहतर बनाती है। इसीलिए सभी बच्चों को एल्बैंडाजोल टेबलेट्स का सेवन करना चाहिए। इस दौरान यहां समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### समाजसेवी राशिद सिद्दीकी ने किया बैंक का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला पारसी बस स्टैंड के समीप खोले गये बंधन बैंक की बुढ़ाना शाखा का शुभारम्भ मंगलवार के दिन से हो गया है। जिसका उद्घाटन सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में समाजसेवी राशिद सिद्दीकी ने अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया। इस मौके पर बंधन बैंक के रीजनल हैड सुनील कुमार ने बताया कि इस बैंक के सभी ग्राहकों को समस्त सुविधाएं जैसे कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर, चौकेरी, रिकरिंग डिपॉजिट, निधि आधारित और सेविंग फैसिलिटी आदि सुविधाएं प्राप्त करवाई जाएंगी। उन्होंने आपका भला सबकी भलाई का बैंक स्लोगन दिया और लोगों को बैंक के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्घाटन अवसर पर कुछ लोगों के खाते भी खोले गए। यहां पर ये भी बताया गया कि यह बैक दस हजार रुपये से पैंतीस हजार रुपये का लोन महिला समूहों को देगा। यह बंधन बैंक इस निजी क्षेत्र में एक भ्विवसनीय बैंक बनकर सामने आया है। जो ग्रामीण क्षेत्र के छोटे छोटे व्यापारियों, उद्यमियों और किसानों को सहजता के साथ ऋण उपलब्ध कराने और ;ण के माध्यम से विकास की गति प्रदान करने में कारगर साबित होगा। ये बंधन बैंक क्षेत्र के छोटे व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों और विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। यहां सभी ने मिष्ठान का आनंद लिया। डिविजनल मैनेजर रंजीत अभिजीत दास, एरिया मैनेजर विनय और ब्रांच मैनेजर मनीष सहित समस्त कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

### शबनम के बाद अब शमशेर व जीनत की भी जमानत

**बुढ़ाना।** लगभग आठ महीने पहले सगे भाइयों के द्वारा एक मकान पर अवैध रुप से कब्जा करने का विरोध करने पर हुई किन्नर मुस्कान उर्फ सुक्की उर्फ इरशाद सैफी की हत्या के आरोप में जिला मुजफ्फरनगर कारागार में बंद शमशेर व जीनत की भी जमानत मंगलवार के दिन हाईकोर्ट इलाहाबाद से मंजूर हो गयी है। छह दिन पहले आरोपी शबनम की भी जमानत मंजूर हो गयी थी। यह जानकारी आरोपी पक्ष के अधिवक्ता नफीस अहमद पुंडीर ने दी है। गांव मंदवाडा निवासी इरशाद सैफी लगभग 07 वर्ष पूर्व किन्नर बन गया था और उसने अपना नाम मुस्कान बेगम उर्फ छोटी रख लिया था। जिस मकान में किन्नर रहता था उस पर कब्जा करने की नीयत से उसके तीनों सगे बड़े भाइयों ने मकान में तोड फोड़ शुरु कर दी थी। जिसका विरोध किन्नर ने किया तो सभी तीनों भाइयों और उनकी दो पत्नियों ने मिलकर किन्नर की ईंटों के प्रहार से हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक किन्नर के सगे बड़े 3 भाई अहसान, शमशेर, साजिद पुत्र नूर हसन और शमशेर की पत्नि शबनम व अहसान की पत्नि जीनत को बुढ़ाना पुलिस ने जेल भेज दिया था। इस केस में छह दिनष् पहले ही एक आरोपी शबनम की जमानत हो गयी थी जबकि आज शमशेर और जीनत की भी जमानत मंजूर हो गयी जबकि अन्य दो आरोपी अहसान और साजिद की जमानत अभी तक भी नहीं हुई है।

# कुन्दकुन्द जैन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा का लिया संकल्प

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शासन के निर्देशानुसार कुन्दकुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली में 1. फरवरी से 28 फरवरी 2.26 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम हसड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधानह निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन-जागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा। मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के साथ अभियान का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी को नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दीप्ती जैन ने संयुक्त रूप से शपथ दिलाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियम केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से यातायात नियमों के प्रति सजग रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ती जैन द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. पूजा पुंडीर, डॉ.श्वेता मलिक, डॉ. पारूल शर्मा, डॉ. विशु, मती एकता राजपूत, कु. अलीशा, विकास जैन, निखिल चौहान सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक सौहार्द और परंपराओं की मिसाल बना विवाह समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर एक बार फिर सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और परंपरागत मूल्यों का साक्षी बना, जब सहकारी समिति डायरेक्टर आसिफ का विवाह समारोह साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल बन गया । यह समारोह केवल एक पारिवा. रिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि

समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में पिरोने वाला अवसर बनकर सामने आया। विवाह समारोह में पारंपरिक निकाह की रस्में पूरे अदब और सम्मान के साथ अदा की गईं। इस अवसर पर कस्बे और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी वर्ग, रिश्तेदार और शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़े को दिल से मुबारकबाद दी और उनके सुखद, सफल व खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए दुआएं कीं। समारोह



की खास बात यह रही कि इसमें सामा. जिक समरसता और आपसी सौहार्द की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। पूर्व सांसद कादिर राणा, विधायक पंकज मलिक नगर पंचायत चरथावल के चेयरमैन मास्टर इस्लाम, अभिषेक बंसल, डॉ. नौशाद, वरिष्ठ पत्रकार सादिक त्यागी, अंकित गोयल काला मेंबर, प्रवेज त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। सभी अतिथियों ने परिवार को इस शुभ अवसर पर बधाई देते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला आयोजन बताया। आज के समय में जब सामाजिक दूरी और वैचारिक विभाजन की बातें अक्सर सामने आती हैं, ऐसे आयोजनों का महत्व और भी बढ़ जाता है। आसिफ पुत्र गय्यूर का विवाह समारोह इस बात का उदाहरण है कि परंपराएं और सामाजिक रिश्ते आज भी लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल एक परिवार की खुशी का अवसर रहा, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरक संदेश छोड़ गयाकृकि आपसी सम्मान, भाईचारा और सद्भाव ही किसी भी समाज की असली ताकत है।

# मोक्ष पथ पर आत्मा को अग्रसर करती जिन धर्म प्रभावना : आचार्य

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जिनशासन प्रभावना संघ, खतौली ने अपनी स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरधना नगर में विराजमान आचार्य 1.8 भारत भूषण जी महाराज के चरणों में उपस्थित होकर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संघ की कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी तन, मन और धन से जिन धर्म प्रभावना के कार्यों में समर्पित भाव से जुटे रहेंगे। आचार्य ने संघ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मा के शुद्धिकरण और मोक्ष प्राप्ति के मार्ग में जिन धर्म प्रभावना की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। उन्होंने बताया कि धर्म प्रभावना केवल बाहरी प्रचार तक सीमित नहीं, बल्कि ज्ञान, तप, आचार और त्याग के माध्यम से आत्मा को कर्मबंधन से मुक्त करने की प्रक्रिया है। सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के बिना मोक्ष संभव नहीं है और जिन धर्म प्रभावना इन तीनों को सुदृढ़ करती है। आचार्य ने कहा कि सच्ची प्रभावना तभी संभव है जब व्यक्ति वीतरागताकृअर्थात् राग-द्वेष से रहित जीवनकृको अपनाए और आत्म-कल्याण को सर्वोपरि रखे। जिन शासन की महिमा को बढ़ाने का उद्देश्य अधिक से अधिक जीवों को मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित करना है। यह कार्य आत्म-संयम, शास्त्र अध्ययन, अहिंसा पालन तथा ज्ञान के प्रचार से संपन्न होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावना का वास्तविक स्वरूप दिखावे से नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन से जुड़ा है। तप और त्याग के माध्यम से कर्मों का क्षय होता है, जिससे आत्मा मोक्ष के समीप पहुंचती है। आचार्य ने विशेष रूप से जिनशासन प्रभावना संघ खतौली के युवाओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में युवाओं का धर्म प्रभावना की ओर अग्रसर होना अत्यंत प्रेरणादायी है।

## विधायक पुत्री ने पक्के पुल का दिया आश्वासन

**मोरना।** क्षेत्र के डुंडी घाट पर पहुंची मीरांपुर विधायक मिथलेश पाल की पुत्री सुप्रिया पाल ने वहां से गुज़र रहे शिव भोलो से भेंट की तथा पक्के पुल के निर्माण का आश्वासन दिया। वहीं काँवड सेवा शिविर मे जाकर शिव भोलो की सेवा की। मोरना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर के पास स्थित सोलानी नदी के डुंडी घाट पर काँवड़ियों के गुजरने के लिए प्रतिवर्ष लकड़ी के अस्थाई पुल का निर्माण किया जाता है। मंगलवार को डुंडी घाट पर पहुंची विधायक प्रतिनिधि सुप्रिया पाल ने वहां से गुजरने वाले शिव भोलो से कुशलक्षेम जाना व ग्रामीणों को आश्वासन दिया की विधायक द्वारा इस पुल का मुद्दा विधानसभा मे उठाया जायेगा और पुल को पक्का बनवाया जायेगा।डुंडी घाट पर लगने वाले काँवड सेवा शिविर मे शिव भोलो की सेवा मे जुटे सोम सिंह, नरेश मोहन, राकेश, मनोज, अनुज,आशीष, शेखर, दीपक आदि ने बताया की प्रतिवर्ष शिव भोलो को नदी से गुजरने के लिए उनके द्वारा चंदा एकत्र कर सोलानी नदी पर लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया जाता है। शासन प्रशासन उसमे कोई सहयोग नहीं करता है।

## ऊँची पुलिया से बढ़ी शिवपुरी की मुश्किलें, बरसात से पहले जलभराव और हादसों का खतरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के मोहल्ला शिवपुरी वार्ड-14 में झारखंड मार्ग को जोड़ने के लिए बन रही नई पुलिया स्थानीय लोगों के लिए राहत के बजाय परेशानी का सबब बनती जा रही है। मानकों से अधिक ऊँचाई पर हो रहे निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। लोकदल के जिला महासचिव राजकुमार तेवतिया के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका परिषद खतौली के अधिशासी अधिक. ारी को ज्ञापन सौंपा और पुलिया की ऊँचाई कम कराने की मांग उठाई। निवासियों के अनुसार नई पुलिया पुरानी पुलिया की तुलना में करीब दो फीट ऊँची बनाई जा रही है, जिससे आसपास के मकान निचले स्तर पर आ जाएंगे। इससे जल निकासी बाधित होगी और बरसात के दौरान मकानों में पानी घुसने, सीलन फैलने व गंदगी जमा होने जैसी समस्याएं स्थायी रूप ले सकती हैं। मोहल्ले में बड़ी संख्या में मजदूर, ई-रिक्शा चालक और स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। अत्यधिक ऊँचाई के कारण ई-रिक्शा के असंतुलित होने और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, जिससे बुजुर्गों व राहगीरों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जनसुरक्षा से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगा। उनकी मांग है कि पुलिया को लगभग दो रद्दे नीचे किया जाए, जिससे सड़क सुरक्षित बने और पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। इस अवसर पर राजकुमार तेवतिया ने कहा कि प्रशासन को जनहित को प्राथमिकता देते हुए तुरंत पुलिया की ऊँचाई कम करानी चाहिए और मार्ग को शीघ्र चालू कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# मोरना मिल के पूर्व उपसभापति को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मोरना चीनी मिल के पूर्व उपसभापति मुमताज़ अली जैदी का बीते 27 जनवरी को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। मंगलवार को आयोजित शोक सभा मे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर खिराजे अकीदत पेश की गयी।

भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे भाजपा नेता इरम अली के दिवंगत पिता व प्रसिद्ध समाजसेवी मुमताज़ अली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की स्वर्गीय मुमताज़ अली जैदी व्यवहार कुशल और समाज सेवक थे।उन्हें ईमानदारी के प्रतीक के रूप मे जाना जाता है। उनका जीवन प्रेरणादायक रहेगा। डॉ. हाशिम रजा जैदी ने कहा की उच्च शिक्षा प्राप्त, संस्कारशील मुमताज़ अली का जीवन आदर्श रूप रहा है। उनका जीवन समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,पूर्व मंत्री राजपाल सैनी, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, अजित राठी, सुप्रिया पाल,इलम सिंह गुर्जर, यशपाल पंवार, अमित प्रमुख, नरेन्द्र प्रमुख, ज्ञानेंद्र सिंह, अजय चौयरमैन, प्रकाशवीर सिंह, विनय प्रधान,ज़हूर मेंहदी, रामकुमार शर्मा, यशपाल पंवार,दिनेश राठी, पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार आदि ने स्वर्गीय मुमताज़ अली की सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने किया।

# एनएसएस शिविर में मना महिला जागरूकता दिवस

■ **चौथे दिन महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कैंप के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता दिवस मनाया।

जय भारत इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना, राष्ट्रगान एवं लक्ष्य गीत से की गई। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता दिवस के संदर्भ में स्वयंसेवकों को विस्तार पूर्वक समझाया उसके बाद अंजू वर्मा एवं मनोज शर्मा ने बच्चों को उपरोक्त दिवस से संबंधित बहुत सारी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराईद्यभावना शिक्षिका ने दिवस से संबंधित चार्ट एवं गतिविधियां कराई राष्ट्रीय कृमि दिवस के उपलक्ष में स्वयंसेवकों को अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई तथा समाज को जागरूक करने के लिए गांव में एक रैली निकाली गई।

दूसरे सेशन में स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण के ऊपर निबंध लिखे एवं एक प्रश्नोत्तरी कराई गई।निबंध एवं प्रश्नोत्तरी में अच्छा कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रधानाचार्य डॉक्टर रविंद्र कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में धर्मवीर सिंह, रतनलाल, उमाक. ांत कपिल, राजवीर सिंह व स्वयंसेवकों में शौर्य, देवांश वर्मा, नायक, वाणी,कनिका आदि मौजूद रहे।

# कश्यप समाज ने चुना चौबीस गांव का चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र बुढ़ाना के आसपास के कश्यप समाज के चौबीस गांवों का नया चौधरी सैंकड़ों लोगों की सहमति से यशपाल कश्यप को बनाया गया। बुढ़ाना क्षेत्र के सबसे बड़े गांव जौला में स्थित शिव मंदिर में कश्यप समाज के सैंकड़ों जिम्मेदार लोगों की एक मीटिंग पूर्व घोषणा के अनुसार आयोजित की गयी। जिसमें सब लोगों की सहमति से आसपास के सभी 24 गांवों का कश्यप समाज का नया चौधरी यशपाल कश्यप को चुना गया और उनको पगड़ी और हजारों रुपयों की बड़ी माला पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यह सम्मान मिलते ही यशपाल कश्यप ने कहा कि आप लोगों ने जो मुझे यह सम्मान दिया है उसकी लाज रखी जाएगी। वे पूर्व की तरह समाज के सभी लोगों के सुख और दुख में साथ रहेंगे। अपने कश्यप समाज के किसी भी व्यक्ति का वे उत्पीड़न होने नहीं देंगे। समाज में फैली हुई कुरितियों को समाप्त करने के लिए सभी का सहयोग लेंगे। इस मीटिंग में सबसे अच्छी बात यह रही कि जब गांव के मुस्लिम, ठाकुर और अन्य समाज के लोगों को यह पता लगा कि कश्यप समाज का चौबीसी खाप का चौधरी यशपाल कश्यप को बनाया गया है तो वे भी मीटिंग में पहुंच गये और यशपाल कश्यप को



इसके लिए बधाई दी और फूलों से स्वागत करते हुए यशपाल कश्यप जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से लगाए। यहां पर राजपूत समाज के बाबा ठाकुर ठाठ सिंह कछवाहा ने कश्यप समाज के नये चौधरी यशपाल कश्यप का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार राणा ने यशपाल कश्यप को बधाई देते हुए कहा कि हमारे गांव जौला मे कश्यप समाज ने यशपाल कश्यप जौला को कश्यप समाज का चोबीसी का चौधरी चुना है। हम यशपाल चौधरी को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनायें देते हैं कि वे अपने कर्तव्य को ईमानदारी से लेकर चलेंगे और अपने समाज को भी एक साथ लेकर चलेंगे। हम भी सुख दुख में उनके साथ हैं। यहां सेवा प्रधान, जयपाल प्रधान, गांव जौला के प्रधान हाजी जमशेद अली, गांव जौला पूर्व प्रधान साजिद मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य पद के निर्दलीय उम्मीदवार गुलरेज राणा एडवोकेट, ताहिर प्रधान और प्रमोद सहित अन्य कई सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्राओं के लिए सुरक्षा कवच बनी हैं थानों की एंटी रोमियों टीम

■ **भौरांकला व बुढ़ाना थाना क्षेत्रों में टीम चला रही विशेष अभियान**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना/भौरांकला।** फुगाना सर्किल के सीओ यतेंद्र नागर और दूसरे सर्किल बुढ़ाना के सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर भौरांकला थाने व बुढ़ाना कोतवाली की एंटी रोमियो टीम वाकई में दोनों क्षेत्र की छात्राओं, महिलाओं और किशोरियों के लिए वरदान साबित हो रही है। यह टीमें इनके लिए सुरक्षा का कवच भी बनी हुई है। जिसमें दोनों थानों की पुलिस का भी इकबाल बुलंद हुआ है और इसका परिणाम ये भी निकलकर सामने आ रहा है कि भौरांकला थाना क्षेत्र में बीते कई महीनों से छेडछाड की कोई भी घटना दर्ज नही है। एंटी रोमियो टीम रोजाना सड़कों पर निकल जाती है और आती जाती महिलाओं, छात्राओं और किशोरियों से उनकी सुरक्षा के प्रति संवाद करती है। एंटी रोमियो टीम के इस अभियान को लेकर जहां कॉलेज की छात्राएं, किशोरियां और महिलाएं अपने आपको सुरक्षित मानकर चल रही हैं वहीं मजनूं भी भूमिगत से हो गये हैं। बुढ़ाना और भौरांकला थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर अब कोई भी आधा अधूरा तंत्र स्वीकार्य नहीं होगा इसी संकल्प के साथ यहां पर मिशन शक्ति अभियान फेज 500 को पूरी सख्ती और संवेदनशीलता के साथ लागू किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं कि मिशन शक्ति अब केवल एक सरकारी योजना नही बल्कि हर थाना क्षेत्र में महिलाओं के लिए दिखाई देने वाला भरोसे का केंद्र होना चाहिए। पीड़ित महिलाओं को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन्हीं निर्देशों के क्रम में भौरांकला थाना और बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 5 का आक्रामक व प्रभावी मॉडल पूरी क्षमता के साथ ज़मीनी स्तर पर नजर आ रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

**जन जागरूकता पर दिया जा रहा विशेष जोर:** समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए बुढ़ाना और भोरांकला पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्र में स्थित सभी सार्वजनिक स्थलों, भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, मंदिरों, चौपालों और अस्पतालों पर नियमित रुप से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसमें बुढ़ाना कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह और बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा की अहम भूमिका है। इन सभी कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानक. ारी दी जा रही है।

जैसे यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस सेवा के लिए 102 और 108 नंबर डायल करने को बताया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मी सभी पीड़िताओं की समस्याएं संवे. दनशीलता के साथ सुनकर उन्हें रजिस्टर में दर्ज कर रही हैं। फेज 05 में इस बात पर पूरा विशेष जोर दिया जा रहा है कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान एफआईआर दर्ज होने से पहले ही संभव हो सके। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय कर निशुल्क कानूनी सहायता तथा सरकारी व निजी अस्पतालों से तालमेल कर इलाज की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। सुनसान रास्तों या आपात स्थिति में हेल्प डेस्क पर एक फोन कॉल पीड़िता के लिए संजीवनी साबित हो रही है। जिससे कई महिलाओं को नया और सुरक्षित जीवन मिला है।

**एंटी रोमियो टीम व शक्ति दीदी की टीम हैं खूब सक्रिय:** कोतवाली बुढ़ाना और भौरांकला थाने की एंटी रोमियो टीम, शक्ति दीदी व महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। छात्राओं, किशोरी व महिलाओं को यूपी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट सखी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है और साथ में ही छात्राओं को गुड टच बैड टच, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम और साइबर अपराध से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी जा रही है।

**अगर पीड़िता की बातों को ध्यान से सुने पुलिस तो.....** मिशन शक्ति अभियान से जुड़े दोनों पुलिस अधिकारियों का मानना है कि पीड़िता से बातचीत के शुरुआती 10 मिनट उसकी पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल सकते हैं। बिना किसी पूर्वाग्रह के बात सुनना, सम्मान और सहानुभूति दिखाना पीड़िता के लिए बड़ी राहत बनता है।

गंभीर मामलों में पीड़िता की सहमति से गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की भी प्रभावी व्यवस्था की जा रही है। महिला बीट पुलिस और मिशन शक्ति केंद्रों की फील्ड मूवमेंट को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा स्कूटी भी उपलब्ध कराई जा रही है जिससे समय पर मौके पर पहुंचकर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

**छात्राओं, किशोरी व महिलाओं में बढ़ा भरोसा:** स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, पार्कों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मिशन शक्ति और एंटी-रोमियो टीम द्वारा लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और आपात स्थिति में सहायता के तरीकों की जानकारी मिलने से छात्राएं और महिलाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं और यूपी पुलिस व राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना कर रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस का यह पैदल अभियान बुढ़ाना और भौरांकला क्षेत्र में सफल साबित हो रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पिछड़े वर्ग की अन्देखी कर रही सरकारः किरणपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विधान परिषद में आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के दौरान एमएलसी किरण पाल कश्यप ने सरकार पर पिछड़े वर्गों के अधिकारों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का संज्ञान लेकर उसे स्थगित किया जाना इस बात का संकेत है कि पिछड़ों के अधिकार प्रभावित हो रहे थे।



विधान परिषद में अपने संबोधन के दौरान एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि सरकार आरक्षण को लेकर बड़े दावे करती है, लेकिन 17 अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देने का मामला लंबे समय से लंबित है। उन्होंने बताया कि इन जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रस्ताव वर्ष 2005 में भेजा गया था, लेकिन विभिन्न आपत्तियों के कारण अब तक निर्णय नहीं हो सका। उन्होंने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट नीति बनाने की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछड़े वर्गों के आरक्षण में कटौती जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है और विभिन्न भर्तियों में निर्धारित अनुपात के अनुसार पद नहीं दिए जा रहे हैं। कश्यप ने कहा कि ओबीसी वर्ग के पदों में कमी से युवाओं में असंतोष बढ़ रहा है। सदन में उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए और लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था को सामाजिक न्याय से जुड़ा विषय बताते हुए इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता बताई।

# पुलिस की सट्टेबाजों पर कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान के तहत मंगलवार को एक सटोरिए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा लगाते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से नगद राशि, एक पेन तथा सट्टा पर्चा बरामद किया गया है।



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देश पर जनपद शामली में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। इसी क्रम में थाना थानाभवन पुलिस टीम को यह सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नसीम पुत्र हसन के रूप में हुई है, जो मोहल्ला डाकखाना, कस्बा एवं थाना थानाभवन का निवासी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को जेल भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

## जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**किरतपुर।** राईन क्रिकेट क्लब किरतपुर आईसीसी के सौजन्य से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मौहल्ला अफगानान के ग्राउंड पर जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चीफ गेस्ट युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा खां ने फीता काटकर किया। मुदस्सिर जमा खां ने बैटिंग कर गेंद को बाउंड्री से बाहर कर दिया। इस मौके पर दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा राईन क्रिकेट क्लब की ओर से मुदस्सिर जमा खां को पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़कार सम्मानित किया गया। इस मौके पर परवेज अहमद, शहजाद अहमद, सभासद पति मौजिज्ययार खान, मौहम्मद दानिश, सुफियान अहमद, मौहम्मद अनस, मुस्तकीम अहमद, हाजी इस्लामुद्दीन, अमीर हसन प्रधान, इंतजार राईन, आसपा नगर अध्यक्ष फेलसूफ जमा खान, एडवोकेट सैय्यद रहे।

# बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बेसिक शिक्षा विभाग शामली द्वारा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को प्रगति-स्वाभिमान और सफलता की ओर-2.0 बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अरविन्द कुमार चौहान, बीएसए लता राठौर, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, सीओ शामली अपेक्षा निंबाड़िया तथा अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से मीना मंच प्रदेश प्रभारी सरिता ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर बालक-बालिकाओं एवं शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रगतिशील कार्यों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि प्रत्एक बच्चे के भीतर प्रतिभा होती है, जिसे सही मार्गदर्शन से निखारा जा सकता है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को अपने लक्ष्य ऊंचे रखने और आसपास से सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने ब्लॉक स्तर पर चयनित बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकास क्षेत्रों से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीएसए लता राठौर ने कहा कि शामली जनपद कई वर्षों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जिसे आगे




भी बनाए रखने की आवश्यकता है। सीओ शामली अपेक्षा निंबाड़िया ने बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कैराना, कांधला, शामली और ऊन विकास क्षेत्र के मीना मंच नोडल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, जिला समन्वयक सुशील कुमार, जितेंद्र कुमार, जय कुमार, शोभित मलिक मौजूद रहे।

## किसानों का हल्दौर ब्लॉक पर प्रदर्शन

**झालू।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने हल्दौर ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण नेता ने किया। किसानों ने चार अहम समस्याओं को लेकर बीडीओ हल्दौर को मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने ज्ञापन में मांग की कि सभी ग्राम पंचायतों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को तत्काल चालू कराया जाए। साथ ही पशुओं में फैल रहे खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए ग्राम-ग्राम जाकर टीकाकरण कराया जाए।

# नाबालिग को ले जाने के आरोप में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने एक शादीशुदा युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और घर से जेवरात व नकदी ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव सुन्हेटी निवासी इंतजार उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि इंतजार पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है।

पीड़िता की मां का आरोप है कि उनकी पुत्री घर में रखे समस्त सोने-चांदी के जेवरात, 30,700 रूपए नकद और एक मोबाइल फोन भी साथ ले गई है। परिजनों ने रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन किशोरी और आरोपी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित मां ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपनी पुत्री के साथ-साथ जेवरात, नकदी व मोबाइल फोन की बरामदगी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जंगल में ट्यूबवैलों पर चोरों का धावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव पंजीठ के जंगल में सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने तीन किसानों के टड्ूबवेलों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर टड्ूबवेलों से बिजली के केबल, खाद सहित अन्य कीमती कृषि उपकरण चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंजीठ से ग्राम बुच्चाखेड़ी जाने वाले मार्ग पर स्थित किसान बोनिश, सुखपाल और खड़क सिंह की टड्ूबवेलों पर चोरों ने धावा बोला। सुबह खेतों पर पहुंचने पर देखा कि टड्ूबवेलों के



कमरे की दीवार में सेंध लगाई हुई हैं और सामान बिखरा पड़ा मिला और बिजली के केबल व उपकरण गायब पाए गए। पीड़ित किसानों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। किसानों का कहना है कि टड्ूबवेलों से चोरी होने पर सिंचाई कार्य प्रभावित होता है, जिससे फसलों को नुकसान उठाना पड़ता है।

# मोबाइल उधार न देने पर दुकानदार से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। कस्बे के शामली बस स्टैंड पर मोबाइल की दुकान करने वाले युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गाली-गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम मलकपुर निवासी वसीम पुत्र मोमीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी कैराना कस्बे में शामली बस स्टैंड पर मोबाइल की दुकान है। आरोप है कि विगत सात फरवरी को गांव का ही नौशाद पुत्र अजीज उसकी दुकान पर आया और मोबाइल फोन उधार मांगने लगा।पीड़ित ने बताया कि आरोपी पर पहले से ही सात हजार रूपए बकाया हैं, जो वह वापस नहीं कर रहा है।

इसी कारण मोबाइल देने से इनकार करने पर आरा. ेपी गाली-गलौच कर चला गया। पीड़ित का आरोप है कि उसी रात करीब आठ बजे, जब वह दुकान बंद कर अपने गांव मलकपुर लौट रहा था, तभी रास्ते में मलकपुर के पास आरोपी नौशाद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिला और उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच की। घटना के बाद से वह भयभीत है। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी लगातार पीड़ित के मोबाइल नंबर पर फोन कर मां-बहन की गंदी गालियां दे रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़ित ने कॉल रिकॉर्डिंग अपने पास होने का दावा किया है। उसका कहना है कि आरोपी बदमाश किस्म का व्यक्ति है और रोजाना रात में दुकान से घर लौटने के कारण उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मौहल्ला आलखुर्द निवासी नवाब पुत्र बदरुदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर करीब दो बजे उसकी बजाज सीटी-100 बाइक मौहल्ला मेढकी दरवाजा स्थित अशोक की चक्की के पास उनकी दुकान के बाहर खड़ी की गई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुई बाइक सीटी-100 वर्ष 2020 मॉडल है, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 12 डी 1833 है। बाइक उनके दामाद नदीम पुत्र रहीसू निवासी पिन्ना, जनपद मुजफ्फरनगर के नाम से पंजीकृत है। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# आयसर कैंटर से 67 रास पशु बरामद, पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता का मामला उजागर करते हुए एक आयसर कैंटर से 67 रास पशु बरामद किए हैं। मामले में अज्ञात वाहन चालक और संबंधित लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार सुबह उप निरीक्षक गौरव चौहान हमराहियों के साथ गश्त व शांति व्यवस्था की डड्ूटी पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक आयसर कैंटर द्धयूपी 17 एटी 8074ऋ में पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर मीम एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, कैराना लाया गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वाहन चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। कैंटर की जांच में कुल 67 रास पशु बरामद हुए। इनमें 63 कटरे करीब छह माह से अधिक उम्र के और चार कटरे मात्र ढाई माह के पाए गए। छोटे कटरे बड़े पशुओं के नीचे दबे होने के कारण घायल अवस्था में मिले। पुलिस के अनुसार, पशुओं को नियमों के विपरीत और अमानवीय तरीके से वध के लिए लाया जा रहा था। वाहन को ई-चालान एप के माध्यम से चेक किया गया, जिसमें वाहन मालिक का नाम इस्माईल पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला घोसियान व्यापारियान, पुराना कस्बा बागपत दर्ज मिला। मौके पर पशुओं के सप्लायर और कंपनी प्रबंधन के बारे में जानकारी की गई, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। घायल पशुओं के मेडिकल परीक्षण के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया। बरामद पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। पुलिस ने मामले में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 3/11 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गन्ना किसानों को 100 प्रति कुंतल बोनस दे सरकारः दीपक सोम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** भारतीय किसान यूनियन सेवक अ. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि 11 फरवरी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले बजट में गन्ना किसानों के लिए 100 रूपए प्रति कुंतल बोनस का प्रावधान किया जाना चाहिए।


उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान इस समय आर्थिक तंगी और भुखमरी के कगार पर खड़ा है। मौजूदा दौर में गन्ने की खेती की लागतकृबीज, खाद, दवा, सिंचाई, मजदूरी और डीजल लगातार बढ़ रही है, जबकि सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य किसानों की वास्तविक लागत के अनुरूप नहीं है। सरकार को चाहिए



प्रशांत ठाकुर



विनोद



महबूब

कि किसान को उसकी मेहनत और लागत के हिसाब से ही फसल का उचित दाम मिले।

ठाकुर दीपक सोम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार कोरोना काल में थाली-बर्तन बजाकर सरकार तक संदेश पहुंचाया गया था, उसी तरह आज किसान अपनी फसलों के उचित मूल्य की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से थाली-बर्तन बजाकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाएं, ताकि किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिल सके।

इस संबंध में थाना भवन क्षेत्र के किसानों से बातचीत की गई। किसानों ने ठाकुर दीपक सोम की मांग को पूरी तरह जायज बताया और कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो खेती करना और कठिन हो जाएगा।

जयपाल सैनी ने कहा कि गन्ने की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन दाम वर्षों से लगभग वही हैं। बोनस मिलने से किसानों को कुछ राहत मिलेगी और परिवार का खर्च चलाना आसान होगा।

प्रशांत ठाकुर ने बताया कि खाद, दवा और मजदूरी के दाम दोगुने हो चुके हैं। यदि सरकार 100 रूपए प्रति कुंतल बोनस देती है तो किसानों को अपनी लागत निकालने में मदद मिलेगी।

महबूब ने कहा कि गन्ना भुगतान में देरी और कम मूल्य से किसान कर्ज में डूब रहा है। सरकार को बजट में किसानों के लिए ठोस घोषणा करनी चाहिए।

किसान विनोद ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है, लेकिन आज वही सबसे ज्यादा परेशान है। सरकार यदि गन्ना किसानों को बोनस देती है तो इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

किसानों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि आगामी बजट में गन्ना किसानों के हित में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि उन्हें उनकी मेहनत का वाजिब मूल्य मिल सके और खेती को लाभकारी बनाया जा सके।

## एक नजर

### शिव से जुड़कर जीवन बनाएं सुखमयः सुषमा बहन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा थाना भवन द्वारा शिव जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को नगर की सरस्वती बिहार मे सस्था के नगर के मुख्य कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नगर केंद्र संचालिका सुषमा बहन ने कहा कि परमात्मा निराकार है। शिव बाबा सुख, शांति, आनंद के दाता हैं। हम सभी शिव पिता से राजयोग के माध्यम से जुड़कर सुख-शांति की प्राप्ति कर जीवन को सुखमय बना सकते हैं। सुरभि बहन ने परमात्मा शिव से जुड़कर जीवन को आध्यात्मिक, नैतिक मूल्यों से भरपूर कर चरित्र का नवनिर्माण करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने अपने परिवारों में आध्यात्मिक जागृति लाने और सनातन धर्म को जीवन में उतारने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन बबीता बहन ने किया। कार्यक्रम मे सर्व प्रथम शिव ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर विनिता बहन ऊन, सुषमा बहन मुकेश बहन, गुलशन, अनिल आदि मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के दौरान कैराना पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस ने मंगलवार को पानीपत बाईपास पुल के पास चेकिंग की। इसी दौरान पुलिस ने आजम पुत्र मनव्वर निवासी मोहल्ला इकरामपुरा कस्बा व थाना कैराना को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में आरोपी के खिलाफ धारा 3ध्25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटियों के निष्पादन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देश पर जनपद में गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना कैराना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में महिपाल पुत्र रोहताश निवासी ग्राम बरनावी, सोएब पुत्र जाहिद निवासी अकबरपुर सुन्हैटी तथा मेघराज पुत्र रिडकू निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामली शामिल हैं। थाना कैराना पुलिस का कहना है कि वांरटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि न्यायालयों के आदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

### आयुष्मान कार्ड के लिए चल रहा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत लाभार्थी सूची में शामिल पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ। अथर जमील ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन पात्र लाभार्थियों के अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वे अपने गांव में आशा कार्यकर्ता, पंचायत सहायक या कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के माध्यम से अपना कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी जन सेवा केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मित्र की सहायता से भी आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सकता है।उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनने के बाद लाभार्थी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में पांच लाख रूपए तक का निशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लाभार्थियों से अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। आयुष्मान कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लाभार्थी अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मित्र अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयुष्मान टीम से संपर्क कर सकते हैं।

### हाईवे चेकिंग में दो किशोरों से तमंचा व कारतूस बरामद, वाहन सीज

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान दो किशोरों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों को बाल संरक्षण प्रावधानों के तहत अभिरक्षा में लेते हुए उनकी बाइक सीज कर दी। सोमवार शाम अहमदगढ़ क्षेत्र में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक छोटी छुरी बरामद हुई। पुलिस के मुता. बिक दोनों किशोर गांव अलाउद्दीनपुर के निवासी हैं और नाबालिग हैं। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही दोनों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

### दिल्ली कूच की आशंका पर कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा नजरबंद



**झिंझाना।** दिल्ली में प्रस्तावित प्रधानमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होने की आशंका के चलते कांग्रेस नेता एवं प्रदेश महासचिव अश. वनी शर्मा सींगरा को अहमदगढ़ पुलिस ने सोमवार देर रात उनके आवास पर नजरबंद कर लिया। बताया गया कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आ]वान पर मंगलवार को दिल्ली में युवा कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन प्रस्तावित था, जिसमें जनपद शामली से भी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी थी। इसी को लेकर सोमवार मध्यरात्रि में झिंझाना थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने अशवनी शर्मा को घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र का हनन बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्एक नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन वर्तमान सरकार में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पूर्व चेयरमैन समेत चार नामजदों व 10-15 अज्ञातों पर घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आर्यपुरी में संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पूर्व चेयरमैन समेत चार नामजद और 10.15 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली कैराना में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला इकरामपुरा निवासी फुरकान पुत्र बादुल्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मौसी के बेटे नूरहसन पुत्र आलमदीन की आवासीय संपत्ति मोहल्ला आर्यपुरी में स्थित है। उक्त संपत्ति उनकी पत्नी अनवरी के नाम पंजीकृत है, जिस पर वह काबिज हैं। आरोप है कि कुछ लोग उक्त संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत रखते हैं और आए दिन नूरहसन व अनवरी से रंजिश रखते हैं। विगत सोमवार की सुबह करीब नौ बजे नूरहसन, उनकी पत्नी अनवरी और रिश्तेदार रिहाना घर पर मौजूद थे। तभी पालिका पूर्व चेयरमैन हाजी अनवर हसन पुत्र हाजी अख्तर हसन, उनके चालक फरमान पुत्र बाबू, तौसीफ और मोहसीन पुत्रगण फीला समेत 10.15 अज्ञात लोग हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट की, जिसमें रिहाना के दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे फुरकान ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोटें आईं। आरोप है कि जाते समय सभी आरोपी पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना को रफाकत और दिलशाद ने भी देखने का दावा किया है। पीड़ित ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर सभी दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## किसानों की ट्यूबवैलों पर धावा, तांबे के तार काटकर चोर फरार

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव अलीनगर और आसपास के इलाकों में बीती रात अज्ञात चोरों ने किसानों की ट्यूबवैलों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। चोरों ने कई टड्बवेलों से तांबे के तार काट दिए और मशीनों के ताले तोड़ने की कोशिश की, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। चोरों ने इंस्पेक्टर महेशवीर सिंह निवासी झिंझाना, जगदीश सैनी निवासी गाड़ीवाला झिंझाना, दौलतराम निवासी अलीनगर, अरविंद निवासी झिंझाना, बबली कम्बोज, लोकेश कम्बोज व प्रशांत कम्बोज निवासी शामली समेत अन्य किसानों की टड्बवेलों को निशाना बनाया।

रात के सन्नाटे में ट्यूबवैलों की ओर से आवाजें आने पर किसान सतर्क हो गए और मौके की ओर दौड़े। खुद को घिरता देख चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष के साथ-साथ भय का माहौल व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक किसी भी पीड़ित किसान की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं को सिखाया तंबू बनाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित स्काउट गाइड कैम्प के द्वितीय दिवस पर छात्र-छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा तथा तंबू निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने आपात स्थिति में सहायता करने, रस्सियों के विभिन्न बंधन बनाने, खोज के चिन्हों के माध्यम से मार्ग ढूंढने तथा तंबू निर्माण की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट, गाइड ध्वजारोहण के साथ हुई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण का जीवन में विशेष महत्व है। इस प्रशिक्षण से अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर देश सेवा कर सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण को गंभीरता और मनोयोग से ग्रहण करने का आ]वान किया। कैम्प के दौरान गीता एवं गायत्री देवी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न गति. विधियों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी अनिल कुमार कश्यप, सतीश आत्रैय, घनश्याम सारस्वत, फूल कुमार, पंकज पाल, सचिन संगल, छवि नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, उमा रानी, संजना गर्ग, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संगठन को दी जाएगी जमीनी मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के गांव खेडीकरमू स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य पार्टी सुप्रीमो मायावती द्वारा 7 फरवरी को दिए गए दिशा-निर्देशों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा।



बैठक में सहारनपुर मंडल के मुख्य जोन प्रभारी विजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करते हुए मायावती को पुनः मुख्यमंत्री बनाना पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं बहुजन समाज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आ]वान किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील कुमार जाटव ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहने की अपील की।बैठक में विधानसभा प्रभारी जगपाल सिंह, प्रमोद कुमार, राकेश पाल, संदीप कुमार, सुरेश कोरी, देवीदास जयंत सहित विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार डाबरा, हरिओम गौतम, प्रदीप कोरी मौजूद रहे।

# मदरसे के सालाना जलसे में गूंजी कुरआन की तालीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के ग्राम जिजौला स्थित मदरसा इस्लामिया रफीकुल उलूम में मंगलवार को सालाना जलसे का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। यह जलसा मरहूम हजरत अल्लामा रफीक साहब भैसानी की याद में आयोजित हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए उलेमा-ए-किराम और बड़ी तादाद में लोगों की मौजूदगी ने माहौल को रूहानी बना दिया।





कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरआन पाक से हुआ, जिसके बाद नात और तकरीरों का सिलसिला शुरू हुआ। जलसे की खास बात हिफ्ज-ए-कुरआन मुकम्मल करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी रही। हाफिज बने मोहम्मद जाबिर को विशेष सम्मान दिया गया। वहीं बालि. काओं में जेनब, बुशरा, फरहत, रेशमा, सोफिया और सुहाना की दस्तारबंदी कर उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौजूद लोगों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को मुबारकबाद दी।

मुख्य वक्ता मौलाना अतहर हसन ने अपने खिताब में इल्म की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि दीनी तालीम इंसान को सही राह दिखाती है। उन्होंने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम हासिल करने की नसीहत की। अन्य उलेमाकृमुफ्ती अकमल भैसानी, मौलाना मुजफ्फर दौलतपुर, मुफ्ती रिजवान गंगोह, मुफ्ती यहया मेरठ, मौलाना शौकत कुंडा और मौलाना इलियास कैरानाकृने भी कुरआन व सुन्नत की रोशनी में जिंदगी गुजारने और समाज में अमन व भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन, शांति और भाईचारे के लिए खास दुआ कराई गई। संचालन कारी अब्दुल वाजिद ने किया, जबकि मदरसे के सदर मौलाना सनव्वर ने आए मेहमानों का आभार जताया।

# आशीर्वाद समारोह में 10 व 12वीं के स्टूडेंट्स को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी विद्यालय में मंगलवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की गई। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों द्वारा मिले मार्गदर्शन, सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई विद्यार्थी भावुक भी नजर आए और उन्होंने विद्यालय के साथ जुड़ी यादों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रियांक गोयल सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन शिखर गाएल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ संस्कारों को अपनाते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करें। समारोह का वातावरण उत्साह, भावुकता और शुभकामनाओं से परिपूर्ण रहा।

# सेफ इंटरनेट डे पर जागरूकता कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को जनपद शामली में सेफ इंटरनेट डे-2026 के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रेमचन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस वर्ष की थीम सुरक्षित डिजिटल तकनीक के उपयोग, साइबर सुरक्षा और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार पर आधारित रही।




जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अश्विनी कुमार शर्मा ने साइबर सुरक्षा, साइबर हाइजीन, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित प्रयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने साइबर अपराधों के तरीकों, उनसे बचाव के उपायों तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी सीडीओ प्रेमचन्द ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीकों का सकारात्मक और सुरक्षित उपयोग विकास की गति को तेज करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम शासकीय कार्मिकों एवं आमजन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। जिला प्रशासन ने इसे डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शंका मानव के विनाश का कारण: मनोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** थानाभवन महाशिव रात्री पर्व पर वृह्मलीन सती बाबा दयाल शाह महाराज एवं सती बाबा मान शाह महाराज की पूण्यतिथि पर प्राचीन दयाल आश्रम पर रामकथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए कथा व्यास मनोज जी महाराज ने कहा कि शंका मानव के विनाश का कारण बनती है अत: किसी भी स्थिति में शंका का समाधान समय रहते कर लेना चाहिए अन्यथा सती जैसी दशा हो जाती है सती अपने भक्ति के बल से नव जीवन पार्वती रूप में प्राप्त पुन: शिव से विवाह कर अपने जीवन को सार्थक किया। शिव का सर्वस्व जीवन राम की भक्ति को समर्पित है। किसी व्यक्ति या चीज के प्रति वफादारी और प्यार या देखभाल। समर्पण एवं श्रद्धा और प्रेमपूर्वक इष्ट देवता के प्रति आसक्ति। ही भक्ति कहलाती हैं। भक्ति शब्द का प्रयोग किसी के प्रति समर्पण के लिए किया जाता है। स्कन्द पुराण के अनुसारमाता पार्वती के पसीने से बेलपत्र के पेड़ की उत्पत्ति हुई थी। एक समय माता पार्वती को ललाट पर बहुत पसीना आ रहा था। उन्होंने अपनी उंगलियों से पसीना पोछकर उसकी बूंदों को छटक दिया। ए बूंदें मंदराचल पर्वत पर जाकर गिरीं इन बूंदों से बेलपत्र के पेड़ की उत्पत्ति हुई।। बेलपत्र में माता पार्वती का प्रतिबिंब होने के कारण इसे भगवान शिव पर चढ़ाया जाता है। बेलपत्र के तीन पत्ते त्रिदेव का प्रतीक हैं। तीन पत्ते वाले बेलपत्र में सत, रज और तम तीनों गुण होते हैं। बेलपत्र वृक्ष औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। बेलपत्र के पेड़ की जड़ को गिरजा का स्वरूप माना गया है। बेलपत्र पर राम का नाम लिखकर अर्पित करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं।कथा मे दयाल आश्रम गुरु गद्दी के पानीपत करनाल के साथ साथ अन्य स्थानो से आए श्रद्धालु भक्तो ने भाग लिया।

### निर्माणाधीन टोल पर गांव का नाम गलत अंकित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नेशनल हाईवे पर निर्माणाधीन टोल प्लाजा पर ग्राम का नाम गलत लिखे जाने को लेकर ग्राम करौदा हाथी के ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि टोल प्लाजा पर ग्राम करौदा हाथी के स्थान पर बन्तीखेड़ा का नाम अंकित किया गया है, जिससे गांव के किसानों में नाराजगी है।

मंगलवार को डीएम को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे तथा पानीपत-खटीमा मार्ग के दक्षिण दिशा में निर्माणाधीन टोल प्लाजा ग्राम करौदा हाथी की भूमि पर बनाया जा रहा है। टोल प्लाजा निर्माण के लिए ग्राम करौदा हाथी के किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, इसके बावजूद बोर्ड पर दूसरे गांव का नाम लिखे जाने से ग्रामीणों का सम्मान प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बन्तीखेड़ा गांव टोल प्लाजा से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित है, जबकि टोल प्लाजा करौदा हाथी की सीमा में आता है। प्रशासन से मांग की है कि टोल प्लाजा पर ग्राम करौदा हाथी का नाम अंकित कराया जाए। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि गांव के किसानों को न्याय मिल सके। इस अवसर पर ओमसिंह, राजबीर सिंह, नरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, कालेन्द मलिक, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार, देवेन्द्र सिंह, सुभाष, कुलदीप, हरेन्द्र, मनोज आदि मौजूद रहे।




# सरकार के बजट की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने केन्द्रीय बजट के फायदे गिनाते हुए बजट को सभी वर्गो के लिए बेहतर बताया। उन्होने कहा कि यह बजट सभी जाति धर्म व समुदाय के लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट हर वर्ग की उम्मीदों पर खबरा उतर रहा है।

शामली नगर पालिका सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आम बजट विकास, आत्मनिर्भरता और आमजन के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बताया गया। बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग तथा व्यापारियों के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।कहा कि केन्द्र सरकार का बजट विकासोन्मुखी है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विस्तार, रोजगार सृजन, कृषि क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण तथा उद्योगों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य गांव, गरीब और किसान को सशक्त बनाना है।

भाजपा पदाधिकारियों ने दावा किया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बजट से छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को नई संभावनाएं मिलेंगी और देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा।प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी नेताओं ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी और कार्यकर्ताओं से बजट की विशेषताओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, हरबीर मलिक, पंकज गुप्ता, मनीष भटनागर आदि मौजूद रहे।

# हाईवे के नजदीक दुकानों का निर्माण कर हादसों को दिया जा रहा न्योता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे के चौड़ीकरण के बाद जहां आवागमन पहले से अधिक सुगम हुआ है, वहीं दूसरी ओर इससे जुड़े सुरक्षा खतरे भी लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के वे गांव, जो पहले हाईवे से कुछ दूरी पर स्थित थे, अब चौड़ीकरण के बाद सीधे हाईवे के किनारे आ गए हैं। ऐसे में हाईवे से सटे पहले से बने मकानों में रहने वाले ग्रामीणों के मन में हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।



ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार से गुजरने वाले भारी वाहन कभी भी चालक का संतुलन बिगड़ने या ब्रेक फेल होने की स्थिति में मकानों में घुस सकते हैं। पूर्व में बने मकानों को लेकर तो लोगों की मजबूरी समझी जा सकती है, लेकिन चिंता की बात यह है कि अब कुछ लोग नए निर्माण भी हाईवे के बेहद नजदीक निडर होकर करा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और अधिक बढ़ गई है। बताया जाता है कि इससे पहले भी मेरठ.करनाल हाईवे पर स्थित गांव सिंगर में एक-दो बार वाहन अनियंत्रित होकर सीधे मकानों में जा घुसे थे, जिन घटनाओं में भारी जान-माल का नुकसान हुआ था।

इन हादसों के बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। ताजा मामला मेरठ.करनाल हाईवे पर बिडौली और केरटू के बीच बिडौली सादात के निकट सामने आया है, जहां कुछ व्यक्तियों द्वारा हाईवे के बिल्कुल नजदीक दुकानों की एक पूरी मार्केट तैयार की जा रही है। आरोप है कि यह निर्माण निर्धारित मानकों और नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे भविष्य में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

लोगों का कहना है कि हाईवे पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही रहती है और ऐसे में इस तरह का निर्माण न केवल दुकानदारों बल्कि राहगीरों के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे के किनारे हो रहे इस खतरनाक निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर क्या कदम उठाता है या फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार में सब कुछ भगवान के भरोसे ही छोड़ दिया जाएगा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सद्दाम व उसकी पत्नी अंजुम मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं, इसलिए मैं इन दोनों से दुखी होकर सद्दाम व अंजुम को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर इनसे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा पविार जिम्मेदार नहीं होगा।

**शफीक पुत्र कासम**
निवासी- नई बस्ती इदरीश वेग विहार, कांधला देहात, थाना कांधला तहसील कैराना, जिला शामली

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रुप से कब्जे का प्रयास करने का कुछ लोगो पर आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के मंडल अध्यक्ष मोनिस गौर के नेतृत्व में पदाधिकारी व गाड़ा बिरादरी के लोगों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार पुष्पांकर देव को सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि करंजाली मार्ग पर उनका करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराना कब्रिस्तान है, जिसमें गाड़ा बिरादरी के मुर्दे दफन हैं।

आरोप है कि कुछ भूमाफिया किस्म के लोगों ने दो दिन पूर्व कब्जा करने की नीयत से कब्रिस्तान में खोदाई करना शुरु दी। जिन्हें बामुश्किल रोका गया।

उन्होंने प्रशासन से वहां की पैमाईश कराने, कब्रिस्तान की चहारदीवारी कराए जाने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अबरार, छोटा गौड़, रियासत चौधरी, अकमल, कलीम गौड़, शादाब, इंतजार गौड़, सनव्वर, जुबैर आदि संगठन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों का किया मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे कक्षा 10 के छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। शिक्षकों ने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों को तिलक करते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सुझाए दिये। प्रधानाचार्य डॉ. चित्रा जोशी ने कहा कि छात्र परीक्षाओं का बिना दबाव के एकाग्रता के साथ पढ़ाई कर परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस मौके पर नीलम सिंघल, सचिन त्यागी, अंकुश, विकास शर्मा, विकास कुमार, प्रीति जैन, रामवीर, पारुल वशिष्ठ, मीनू सिंघल आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा। **उधर,** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में चल

## विद्यार्थियों ने राज्यों की परंपारिक वेषभूषा में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां






रहे फैसिनेटिंग भारत सीजन-3 कार्यक्रम के चौथे एवं पांचवें दिन छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) प्रांगण में भारत की राजधानियों शीर्षक से आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और उत्तराखंड की देहरादून की सभ्यता को वहां की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य कविता अग्रवाल ने बताया कि नृत्य प्रदर्शनों, पारंपरिक व्यंजनों और प्रसिद्ध स्थलों के दृश्यों से सजी इस प्रस्तुति ने बच्चों को सांस्कृतिक स्मृद्धि प्रदान की। बताया कि यह आयोजन बच्चों को इतिहास, संस्कृति और भूगोल से जोड़ने का प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। इस मौके पर प्रियांशी, आकाश, ज्योति, अभिनव आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हिंदू समाज से एक सूत्र में बंधने और अपनी सांस्कृतिक से जुडने का आह्वान किया गया।




चंदेना कोली गांव में श्री गांधी वैदिक इंटर कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भागवत पीठाधीश्वर देशमुख विशिष्ट महाराज ने हिंदू समाज से अपनी पहचान के लिए तिलक लगाने और संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव को मिटाकर सभी को एक मंच पर आना चाहिए। आरएसएस के विभाग प्रचारक आशुतोष ने कहा कि राष्ट्र प्रेम और हिंदू संस्कृति के गौरव को पुन: स्थापित करने के लिए पूरे देश में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कार्यवाह मनीष कुमार, छत्रपति शिवाजी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. मांगेराम, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह व विपिन आर्य ने भी विचार रखें। इस मौके पर हरिद्वार के ज्वालापुर से आए मदन मस्तान मंडली के कलाकारों ने गीतों से समां बांधा। इस मौके पर ईशांत चौधरी, डा. परविंदर, मूलचंद, हरपाल सिंह, रामकुमार शर्मा, दिनेश, विनय कुमार, मनोज चौधरी, राजीव, राजदीप, सुनील आदि शामिल रहे।

# शोक सभा का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** डा. योगेंद्र कुमार त्यागी के आकास्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

दबीआर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन एंड टैक्नोलॉजी के प्रबंध समिति सदस्य एवं पकंज पैरामेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डा. योगेंद्र कुमार त्यागी के आकास्मिक निधन पर संस्थान में शोक व्यक्त किया गया। उनके निधन पर कॉलेज सचिव जर्नाधन दास त्यागी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन शिक्षा के क्षेत्र और समाज के लिए बड़ी क्षति है। इस अवसर पर कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा।

# स्व. राजेश पायलट की जंयती पर उनकी मूर्ति पर किया मालयार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जंयती मनाई गई। इस दौरान गांव में स्थापित उनकी मूर्ति पर मालर्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पिक की गई।

क्षेत्र के गांव मिरगपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में चौ. कालूराम ने कहा कि स्व. राजेश पायलट ने सभी वर्गो के लोगों के दिलों पर राज किया। यही कारण है कि किसान ही नहीं आमजन उन्हें अपना मसीहा मानते हैं क्योंकि वह कहा करते थे जब तक किसान और मजदूर का बेटा उस कुर्सी पर नहीं बैठेगा जहां कानून बनते हैं तब तक देश और जनता का भला नहीं हो सकता। इस मौके पर गांव में स्थित



उनकी प्रतिमा पर मालर्यापण कर उनको याद करने के साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

कार्यक्रम को चौ. जोगिंद्र उर्फ मोनू चौधरी, चौ.ओमपाल, अजस पवार, गुरमीत, मनोज चौधरी, सचिन पवार, अभिनव, प्रदीप चौधरी, चौ. परविंद्र और चौ. कलाराम आदि लोग शामिल रहे।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर की कार्यशाला

## डीएम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।




उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वह साइबर फ्रॉड हो सकता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं। पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की कथा संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं। कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# शिव भक्तों के लिए लगाया कांवरती सेवा शिविर




**धामपुर।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से कांवड़ में जल भरकर गंतव्य स्थानों को जा रहे कांवड़धारी शिव भक्तों की सेवार्थ विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में उपस्थित रोटेरियन बंधुओं ने जहां शिव भक्तों का प्रसाद वितरण से स्वागत किया। वहीं उनकी कांवड़ को अपने कंधों पर धारण करके उनको प्रसाद ग्रहण करने की सुविधा भी प्रदान की। इस दौरान शिविर स्थल भगवान भोलेनाथ के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा नगीना मार्ग पर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव सरदार गगनदीप सिंह चावला तथा कोषाध्यक्ष शिवम नंदा एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस शिविर में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष विपिन मिश्रा, डॉ. एनपी सिंह, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉ. राजमोहन विश्वास, सरदार अजीत सिंह चावला, पवन सलूजा एडवोकेट, सरदार सतपाल सिंह चावला, ललित गर्ग, संजय वर्मा, वरुण गर्ग, संजीव वर्मा, अनुपम गोयल, सत्येंद्र चौधरी, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

## दोनों घायलों की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मिल्क पूरनपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार, होली 2025 के दौरान गांव के कुछ युवकों से बोलचाल को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से आरोपियों द्वारा रंजिश रखी जा रही थी।

पीड़ित का आरोप है कि 10 फरवरी 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने गांव के मोहल्ले में खड़ा था, तभी आरोपीगण एक राय होकर वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बचाने आए उसके चाचा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना धामपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया

## स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा की उपस्थिति में ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम 'कौशल विकास हेतु युवा' के अंतर्गत विषय 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान नौरंगाबाद प्रदीप कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

उन्होंने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में योग शिक्षिका श्रीमती ज्योति द्वारा स्वयंसेविकाओं को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में उपस्थित शिक्षिका डॉ. पूनम रानी द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने स्वच्छ वातावरण, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास व उद्देश्य के बारे में बताया व स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

द्वितीय सत्र में स्वच्छता नारों के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ और जागरूक युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में लगाया गया।

प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्राम मुस्तफाबाद में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। यहां स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। वहीं दूसरी और द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में ग्राम सरकथल में पर्यावरण जागरूकता हेतु पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इससे पूर्व कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि ग्रामीण प्रकृति संतुलन हेतु अधिक से अधिक मात्रा में पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही हमें ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण शुद्ध रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती के आभूषण है। इनकी रक्षा करना हमारा परम धर्म है। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजक तथा भूगोल विभाग



की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत ने स्वयंसेवियों से कहा कि वनस्पति तथा जीव- जंतु सभी को इस पृथ्वी पर जीने का समान अधिकार है। अत: हम सभी को इनका संरक्षण करना चाहिए। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, नीशु देवल, शनि चौहान, सचिन कुमार, सुषैन बाबू, ललित शर्मा, राकेश चौहान, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, रुचि, फार्मेसी के मंसाराम आदि उपस्थित रहे।

# होंठो पे तिश्नगी न रही जाम आ गया...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बज्म-ए-कमर धामपुर की मासिक काव्य गोष्ठी का मौहल्ला महल सराय स्थित मौहम्मद तैयब सोनू साहब के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नौशाद आलम 'शाद' अलीग ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी इरशाद धामपुरी ने निभाई। गोष्ठी का संरक्षण प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद ने किया।



कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. तैयब खान, डॉ. अजहर तथा अशरफ शेरकोटी उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ मुफ्ती दानिश साहब द्वारा बारगाह-ए-रिसालत में प्रस्तुत नात से हुआ। इसके उपरांत शायरों ने निर्धारित काफिया 'शाम' पर अपना उत्कृष्ट काव्य पाठ किया। चयनित अशआर इस प्रकार हैं- शकील अहमद शकील ने फरमाया- तड़पता हूँ मैं अरसे से जियारत की तमन्ना को, मदीने की फिजाओं में बसर एक शाम हो जाए। शहजाद आलम 'शहजाद'-जो छोड़ कर गुनाहों को नेकी पे आ गया, भूला कहूँ मैं कैसे, जो आजाए शाम को।

कारी राशिद हमीदी-है जहाँ में रौशनी पर, मैं हूँ कैद तीरगी मे, मेरे दिल में रौशनी का कोई इंतजाम होता। अतीक आजाद-फिर उसके बाद आया मैं बाहर यकीन से, जब एक सांप निकला मेरी आस्तीन से। नजाकत हुसैन साकिब- छोड़ के मुझको जाने वाले अब मेरे हालात न पूछ, कैसा हूँ मैं और कहाँ हूँ मेरे ये लम्हात न पूछ। नौशाद आलम 'शाद'- रात गुजरेगी कैसे हमारी, जेहन-ओ-दिल पर पड़ेगी ये भारी, नाम उनका लबों पर हमारे, आज फिर वक्त-ए-शाम आ गया है। इरशाद धामपुरी- वो जो लबों को खोल रहा है, कानों में रस घोल रहा है, हर सू फिजा है महकी-महकी, कौन ये उर्दू बोल रहा है। अशरफ शेरकोटी-चीख उठती है मेरी तन्हाई, जब खामोशी कलाम करती है। वीरेंद्र प्रताप सिंह 'बेताब'-क्यों सफर में कयाम कर बैठा, मैं तो रस्ते में शाम कर बैठा।

शमशेर अली 'शम्स'-कुछ तो मेरी वफाओं का रखिए भरम, दुश्मनी ही सही, पर मिला कीजिए। मौहम्मद इस्माइल 'गौहर'-प्यार-ओ-उल्फत हो आम दुनिया में, काम ये हम ने सुबह-ओ-शाम किया। आरिफ रसूलपुरी-वक्त पर जागी नहीं इंसान की गैरत अगर, बेटियां बाजार की जीनत बना दी जाएंगी। वली अंजुम अफजलगढ़ी- वापसी की आस में बस शाम हो कर रह गई, जिंदगी परदेस के ही नाम हो कर रह गई। कमर धामपुरी-तुम ही मिट्टी 'कमर' हुए तो क्या, सुबह को भी तो शाम होना है। नफीस मंजर, धामपुरी-होंठों पे तिश्नगी न रही जाम आ गया, जब भी मेरे लबों पे तेरा नाम आ गया। कार्यक्रम में हास्य कवि राहुल अनवर 'धड़ा-धड़' ने अपनी व्यंग्यात्मक रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया- अशरफ-उल-मखलूकात हैं हम लोग, बीवियों के गुलाम होने लगे। वरिष्ठ कवि शफकत भारती शेरकोटी ने अपनी इस्लाही शायरी से नवोदित शायरों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में बज्म के संरक्षक डॉ. कमाल अहमद ने उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए उर्दू अखबारों और पत्रिकाओं को पढ़ने की अपील की। कघरी राशिद हमीदी ने उर्दू साहित्य के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धामपुर ने हर दौर में उर्दू के सच्चे परस्तार देशभर को दिए हैं।

गोष्ठी में बज्म-ए-कमर के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिनमें अब्दुल्लाह गालिब, डॉ. मौहम्मद कासिम, मास्टर अनीस अहमद, मास्टर इकबाल अहमद, शफीक अहमद मुन्ना, मौहम्मद जाहिद, मुफ्ती दानिश कासमी, रियाज अकबर, मौहम्मद हमदान, मौहम्मद उस्मान, मुफ्ती मौहम्मद खालिद कासमी, नवेद जहीर, अरशद कमाल, अनीस अंसारी, मुजीब जाफर, वजह-उल-कमर, मास्टर आफताब अली, इस्फंदयार आजम, शाज उमर, रईस अहमद आदि प्रमुख रहे।

खेल विशेष

## लखनऊ प्रीमियर लीग में मिलेगी स्थानीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता

**लखनऊ, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। नए प्रारूप के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी की 20 सदस्यीय टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी लखनऊ के या लखनऊ में पंजीकृत होकर ट्रायल देने वाले होंगे, जबकि केवल दो खिलाड़ी बाहर के शामिल किए जा सकेंगे। लीग अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सात मार्च से शुरू होगी। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी स्थित सीएएल मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएएल अध्यक्ष ने की। इस दौरान लीग कमिश्नर एसपी मिश्रा, सीएएल सचिव केएम खान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ- सहगल ने बताया कि यूपीसीए द्वारा यूपीटी-20 लीग के लिए जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर ही एलपीएल का संचालन होगा और टीम चयन प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के आधार पर गठित टीमों में संशोधन किया जाएगा। लखनऊ से बाहर के खिलाड़ियों में से प्रत्येक फेंच. इजी केवल दो खिलाड़ियों को ही रख सकेगी। शेष स्थानों पर पूर्व सूची में शामिल स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर दिया जाएगा। जो खिलाड़ी लखनऊ में पंजीकरण कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के ट्रायल देते हैं, उन्हें स्थानीय माना जाएगा, जबकि स्थानीय खिलाड़ी यदि अन्य जिले से पंजीकृत हैं तो उन्हें लखनऊ का खिलाड़ी नहीं माना जाएगा। एलपीएल की संचालन समिति और फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बुधवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में बैठक होगी, जिसमें नए प्रारूप की जानकारी दी जाएगी।

# पाक ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला वापस लिया



**● पाक सरकार ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए उन्होंने पाक टीम को भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति दी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच में उनकी टीम के बहिष्कार के फैसले को वापस ले लिया है। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, उन्होंने पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान सरकार के भारत के खिलाफ मैच के बहिषकार के फैसले को वापस लेने को लेकर पिछले कुछ दिनों में पीसीबी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) और अंतर्राष्टीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बीच बैठकों का सिलसिला जारी था। आर्थिक नजरिए से यह इस विश्व कप का सबसे अधिक आर्थिक रूप से लाभकारी मैच है। सोमवार शाम को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच पर फ़ैसला अगले 24-48 घंटों में आ सकता है। इससे कुछ मिनट पहले आईसीसी ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें उसने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख नरम अख्तियार करते हुए कहा कि बांग्लादेश टीम पर टी-20 विश्वकप के लिए भारत की यात्रा से इनकार करने पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें 2028-2031 चरण में एक अतिरिक्त आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भी दिए गए।

## आईसीसी के दखल से पाकिस्तान का भारत के साथ खेलना सुनिश्चित हुआ: राजीव शुक्ला



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के हिस्सा लेने से जुड़े मसलों को सुलझाने में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए इसे एक ष्बड़ी कामयाबीष और सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए फायदे का सौदा बताया। लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ आईसीसी के प्रतिनिधियों की बातचीत के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्ला ने कहा कि क्रिकेट के खेल को प्राथमिकता देकर एक दोस्ताना हल निकाल लिया गया है। शुक्ला ने कहा कि मैं आईसीसी के प्रतिनिधियों द्वारा शुरू की गई बातचीत का नतीजा देखकर बहुत खुश हूं, जो लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बात करने गए थे। यह एक अच्छा हल है, एक दोस्ताना हल है जो क्रिकेट को प्राथमिकता और खेल को अहमियत देने के लिए निकाला गया है। उन्होंने पहल करने और सभी पार्टियों को कामयाबी से बातचीत की टेबल पर लाने के लिए आईसीसी की तारीफ करते हुए कहा कि यह पहल करने, इस मुद्दे को सुलझाने और क्रिकेट को फिर से सबसे आगे लाने के लिए आईसीसी को बहुत-बहुत बधाई। यह एक बड़ी कामयाबी है। उन्होंने कहा यह हम सभी के लिए अच्छी खबर है।

## भारत-पाक मैच सुनिश्चित करने के लिए शहबाज को दिया धन्यवाद



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व में हाई-वोल्टेज इंडिया-पाक मैच को सुनिश्चित करने के पाकिस्तान के फैसले का स्वागत करते पीएम शहबाज शरीफ को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में, दिसानायके ने टूर्नामेंट को जारी रखने की उनकी कोशिशों के लिए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और दूसरी संबंधित अथॉरिटीज का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री शहबाज, आपका धन्यवाद कि आपने यह सुश्निचित किया कि जिस खेल से हम सभी प्यार करते हैं, वह चलता रहे। खुशी है कि कोलंबो में चल रहे टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाक का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा मैच तय समय पर होगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के को-होस्ट के तौर पर, श्रीलंका आईसीसी और सभी संबंधित लोगों को उनकी कोशिशों के लिए धन्यवाद देता है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा द. अफ्रीका

**अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए मैच जीतना चाहेगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा। वहीं अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिदा रखने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा।

दक्षिण अफ्रीका कनाडा पर बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में अभी बेहतर नेट रन रेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड से हार के बाद स्टैंडिग में चौथे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीदों को ज़दा रखने के लिए जीतना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जबरदस्त फ़ॉर्म में है। सलामी बल्लेबाज क्विटन डी कॉक ने पिछली तीन पारियों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 56 की एवरेज से रन बनाए हैं। कप्तान एडन मारक्रम भी शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यमक्रम और डेथ ओवरों में फिनिशिग क्षमता रखते है। कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन की पेस तिकड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती देती है, हालांकि रबाडा हाल के मैचों में काफी महंगे रहे हैं।

वहीं अफगानिस्तान अपनी स्पिन जोड़ी राशिद खान और मुजीब उर रहमान पर भरोसा करेगा ताकि दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक बल्लेबाजी को रोका जा सके। मुजीब ने पिछले चार मैचों में 12 के स्ट्राइक रेट से आठ विकेट लिए हैं, जबकि राशिद बीच के ओवरों में अहम गेंदबाज बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान की डेथ बॉलिग को लेकर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से हाल के मैचों में उन्हें जरूरी रन गंवाने पड़े हैं। अनुभवी टॉलराउंडर गुलबदीन नायब ने अफगानिस्तान के पिछले मैच में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पर टॉप पर अच्छी शुरुआत देने का दबाव होगा।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को हराया

**नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रना बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया**




**नई दिल्ली, वार्ता।** बास डलीडे ( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओ'डाउड (सात) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया। लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली। कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। बास डलीडे ने 48 गें. दों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाए। नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रम्पलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फायलिक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।नीलदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में लॉरेन स्टीनकैंप (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए निकोल लॉफ्टी-ईटन ने यान फ्रायलिक के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 10वें ओवर में लोगन वैन बीक ने 26 गेंदों में 30 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में बास डलीडे ने कप्तान एरार्ड इरास्मस नौ गेंदों में 18 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया।



## आकृति दहिया ने निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तगित 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। यहां डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिग, प्रोन और स्टैंडिग राउंड के बाद कुल 354-2 का स्कोर किया। कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358-2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340-4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एक और भारतीय निशानेबाज, आशी चौकसे, पोडियम फिनिश से चूक गईं, कुल 330-9 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले, मौदगिल, चौकसे और दहिया ने मिलकर टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1756 (86) स्कोर किया। कजाकिस्तान 1760 (90) के साथ टीम स्टैंडिग में टॉप पर रहा, जबकि जापान ने 1730 (69) के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, विदरसा विनोद 590 (35) के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर रहे, लेकिन केवल रैंकिग पॉइंट्स के लिए मुकाबला कर रहे थे। अंजुम 587 (30) के साथ तीसरे, आशी चौकसे 586 (32) के साथ पांचवें और आकृति दहिया 583 (24) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार 582 (20) के साथ नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने भी आरपीओ के लिए निशानेबाजी की। आज के जीते पदकों के साथ, चैंपियनशिप में भारत के मेडल की संख्या 18 हो गई है।

# इंग्लैंड को चुनौती देने को तैयार विंडीज




**● यह केवल एक मैच नहीं, बल्कि हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवे के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि विंडीज हमेशा क्रिकेट की धड़कन क्यों रही**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम बुधवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए तैयार है। इंग्लैंड कागज पर भले ही पसंदीदा टीम हो, इस साल चार मैचों में हारा नहीं है और कैरिबियन पर हाल ही में जीत का इतिहास रहा है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में और खासकर जब वेस्टइंडीज अपने सबसे अच्छे फॉर्म में हो, तो कुछ भी हो सकता है। यह केवल एक मैच नहीं है, यह शिमरोन हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवेल के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि वेस्टइंडीज हमेशा से क्रिकेट की धड़कन क्यों रही है। बल्लेबाजी की बात की जाए तो हेटमायर और शाई होप लगातार अच्छा खेल रहे हैं। शाई होप ने इस सीजन में दस पारियों में 264 रन बनाए हैं, और बड़े हिटर्स के आने से पहले शांति से पारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच के ओवर्स में जबरदस्त फॉर्म में हैं, जो कुछ ही गेंदों में मैच का पासा पलट सकते हैं और निचले क्रम में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को कम मत समझिए। वे एक ही ओवर में जबरदस्त प्रदर्शन करके हार के मुंह से जीत छीन सकते हैं। वेस्टइंडीज की गें. दबाजी भी उतनी ही खतरनाक है। स्कॉटलैंड के खिलाफ शेफर्ड के पांच विकेट और होल्डर की आईपीएल में भारतीय विकेटों पर पक्की स्किल्स उन्हें असली खतरा बनाती हैं, जबकि स्पिनर अकील होसेन और गुडाकेश मोती ऐसी चालाकी और स्पिन लाते हैं जो इंग्लैंड के बड़े खिलाड़ियों को भी चकमा दे सकती है। कल रात की हर गेंद खतरनाक होगी। इंग्लैंड इस मैच में नेपाल को एक बहुत करीबी ओपनर में हराने के बाद उतरेगा। उनके बैटिग लाइनअप में फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर है। सॉल्ट के अटैकिग स्ट्रोकप्ले और बटलर की किसी भी सिचुएशन में तेजी लाने की काबिलियत ने इंग्लैंड को लगातार तेज शुरुआत दी है, जिससे मध्यमक्रम को फायदा उठाने का मौका मिला है। जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक बीच के ओवरों में मजबूती देते हैं और अच्छा स्कोरिग रेट बनाए रखते हैं, जिससे यह पक्का होता है कि इंग्लैंड कभी भी बढ़त न खोए। बेथेल ने पहले मैच में 35 गेंदों पर 55 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, जबरदस्त फॉर्म में हैं, और टाइमिग और पावर को मिलाकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ब्रूक का निडर अप्रोच, जो अपने पिछले मैच में 165-62 की स्ट्राइक रेट से खेले, इंग्लैंड की अग्रेसिव सोच को पूरा करता है, जबकि टॉम बैंटन अपनी मर्ज़ी से बाउंड्री पार करने की काबि. लियत से एक्स्ट्रा फायरपावर देते हैं। सैम करन और विल जैक्स की आखिरी गेंद पर जोड़ी गहराई और तेजी लाती है, जो पहले से ही मुश्किल स्कोर को एक मुश्किल लक्ष्य में बदल सकती है।

# आंध्र प्रदेश को हराकर बंगाल रणजी के सेमीफाइनल में

**● बंगाल ने आंध्र प्रदेश को 90 रनों से हराकर 19वीं बार रणजी के सेमीफाइनल में जगह बनाई**



**कल्याणी, वार्ता।** शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है।

बंगाल के लिए 299 रनों की पारी खेलने वाले सुदीप कुमार घरामी को 'प्लेयर टॉफ द मैच' से नवाजा गया। आज यहां आध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया। शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में सूरज सिधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया। सौरभ कुमार (एक) शाहबाज का शिकार बने। कालीडिडी (25) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए त्रिपुराणा विजय ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ आठवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और बंगाल के गेंदबाजों के परेशान रखा। 72वें ओवर में शाहबाज ने शतक की ओर बढ़ रहे नीतीश कुमार रेड्डी को अपनी ही गेंद पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। नीतीश कुमार रेड्डी ने 144 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में सुमंता गुप्ता ने त्रिपुराणा विजय (46) को आउट कर 244 के स्कोर पर आध्रप्रदेश की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 90 रनों से अपने नाम कर लिया। बंगाल के लिए शाहबाज अहमद ने चार विकेट लिए। सूरज सिधु जायसवाल को दो विकेट मिले। आकाश दीप, सुमंता और अनुस्तुप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आप्र ने पहली पारी में 295 रन का स्कोर बनाया था। बंगाल ने पहली पारी में 629 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

**टी-20 विश्व कप के 11वें मैच में यूएई को 28 गेंदें शेष रहते बिना कोई विकेट गवाएं जीते कीवी**



**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15-2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली।

फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई। फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबााद 84 रन बनाये। इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये।

इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आल. ीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली। मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये। यूएई ने नित्रााारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिए। जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण सुनवाई का निरीक्षण

## रोल प्रेक्षक मंडलायुक्त डा.रूपेश कुमार ने दिए सुनवाई प्रगति व साक्ष्यों की सावधानीपूर्वक जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर विधानसभा क्षेत्र में चल रही नोटिस सुनवाई व्यवस्था का सोमवार को रोल प्रेक्षक/मंडलायुक्त डॉ. रुपेश कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण नगर निगम कार्यालय सहारनपुर स्थित सुनवाई स्थल पर संपन्न हुआ। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इस दौरान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग न होने एवं तार्किक विसंगतिय मतदाताओं को नोटिस जारी कर साक्ष्य के आधार पर सुनवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त डॉ रूपेश कुमार के साथ अपर आयुक्त प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, तहसीलदार सदर जसमेन्द्र सिंह एवं सहायक जिला निर्वाचन




अधिकारी श्रवण कुमार त्यागी उपस्थित रहे। आयुक्त द्वारा कक्ष संख्या-1 से 6 तक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश अधिकारियों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बड़ी संख्या में नोटिसों की सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है। कुछ मामलों में मतदाताओं के नाम, पिता के नाम एवं फोटो में त्रुटियां पाई गईं, जिन्हें साक्ष्य के आधार पर दुरुस्त किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं के फोटो सही हों, सभी अभिलेखों की सघन जांच की जाए तथा सुनवाई के समय उपस्थित मतदाताओं का ग्रुप फोटो लेकर अपलोड किया जाए। साथ ही डीईओ लॉगिन पर भेजे जाने वाले दस्तावेज अत्यंत सावधानीपूर्वक सत्यापन के बाद ही प्रेषित किए जाएं। कुछ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कई मतदाता साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं अथवा सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि चूंकि समयावधि बढ़ा दी गई है, इसलिए मतदाताओं को समझाकर आवश्यक साक्ष्य तैयार कराकर प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली, जिस पर सभी एईआरओ ने एकमत से बताया कि कार्य सुचारू रूप से चल रहा है तथा किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है।

# सात नंबर फॉर्म पर अखिलेश यादव की बड़ी जीत: टिंकू अरोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ सपा नेता व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा फार्म सात पर जारी नई गाइडलाइन अखिलेश यादव की बडी जीत है।

टिंकू अरोडा ने कहा कि पिछले कई दिनों से लगातार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सात नंबर फॉर्म को लेकर चुनाव आयोग उत्तर प्रदेश और भारत निर्वाचन आयोग को घेरने का काम कर रहे थे और साफ तौर पर सत्ता पक्ष के दबाव में आकर फार्म सात का दुरुपयोग किया जाना बता रहे थे। जिस पर भारत निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लेते हुए गाइड लाइन में साफ किया कि कोई भी व्यक्ति अपना व्यक्तिगत फॉर्म सात ही जमा कर सकता है अब कोई भी बल्क यानी



थोक में दूसरों के फॉर्म इकट्ठा करके एक साथ जमा नहीं कर पाएगा। इसके साथ-साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रीनवा ने यह भी कहा है कि अगर कोई व्यक्ति डाक के जरिए भी दूसरों के फॉर्म 7 इकट्ठे करके भेजता है तो उसे भी स्वीकार नहीं किया जाएगा व फॉर्म सात भरने वाले का नाम खुद स्वयं उस मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। फार्म साथ भरने वाले को अपने नाम के साथ-साथ अपनी वोटर आईडी संख्या और मोबाइल नंबर भी देना होगा और बिना पहचान उजागर किए किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं कटवाया जा सकेगा और अगर किसी व्यक्ति का निधन हो गया है तो वह दूसरी जगह चला गया है तो उसके परिवार के सदस्य फॉर्म साथ भरकर जमा करवा सकते है।

पार्षद अरोडा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता दिन-रात पोलिंग बूथ पर बीएलओ से संपर्क करके इन फर्जी 7 नंबर फॉर्म को उजागर कर रहे थे और अधिकारियों से संपर्क कर इन पर रोक लगाने की मांग बड़ी मजबूती से कर रहे थे।

# रूही अंजुम ने अच्छे अंक लाने के दिए टिप्स



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने बोर्ड परीक्षा कक्षा दस के बच्चों को अच्छे अंक लाने के टिप्स दिये।

रसूलपुर पापडी स्थित आईएचएम मोहसिन स्कूल में पहुंची सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने बताया कि बच्चे कैसे कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते है। उन्होंने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें तो उन्हें सफलता अवश्य ही मिलेगी। इस दौरान मास्टर मोहसिन, मतलूब अहमद, खुशनुद, देव आदि मौजूद रहे।

# गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**सहारनपुर।** गुरु नानक इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई के द्वारा ग्राम चक्र आदमपुर में विशेष शिविर के दूसरे दिन गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों के द्वारा गांव की सड़कों पर सफाई की गई व स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई इसके साथ-साथ गांव में घर-घर जाकर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उनको यह भी बताया कि अपने घरों में सफाई रखें कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें व अपने घरों के आसपास पानी को इकट्ठा न होने दें पानी इकट्ठा होने से मच्छर फैलते हैं और फिर बीमारियां हमें घेर लेती हैं इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र पाल सिंह ग्राम चक आदमपुर के प्रधान अब्दुल वहाब नरेंद्र शर्मा प्रवीण चौहान विजय कुश् आदि सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में मेरकी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में छह दिवसीय वार्षिक खेल सप्ताह प्रतियोगिता मेरकी के पांचवें संस्करण के भव्य समारोह शुरू हुआ।

उद्घाटन ग्लोकल विश्व विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के पश्चात खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प लिया।

इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। खेल गतिविधियों की शुरुआत आयुर्वेद एवं यूनानी कॉलेज की वॉलीबॉल टीमों के बीच खेले गए उद्घाटन मैच से हुई, जिसने दर्शकों में विशेष उत्साह का संचार किया। आज के शतरंज मैच में विजेता लक्ष्य बीएएमएस, द्वितीय स्थान मो शाइम टेक्नोलॉजी स्कूल तथा कैरम छात्रा



वर्ग में प्रथम स्थान सना डिप्लोमा ओटी तथा द्वितीय स्थान आरजू पाल बीएएलएलबी तथा छात्र वर्ग में प्रथम स्थान मो अनस, बीएएमएस द्वितीय स्थान ख्वाज अहमद बीयूएमएस, हिट एंड फिट के विज. `ता छात्र वर्ग विजेता गौतम लॉ विभाग तथा द्वितीय स्थान राव अली फार्मेसी तथा वालीवाल में प्रथम स्थान लॉ तथा द्वितीय स्थान यूनानी को मिला।

इस अवसर पर जमीरुल इस्लाम, डॉ. शोभा त्रिपाठी, बिलाल अहमद खेल वॉलीबॉल फैकल्टी कोऑर्डिनेटर जीशान और इरशाद, सलमान, डॉ इंद्रेश पचौरी, अर्जुन पवार तथा छात्र खेल प्रतिनिधि सायन शहीदी अफजल, छात्र अध्यक्ष सोहेल, कार्यक्रम अध्यक्ष समसुद्दीन, मुदस्सर पटेल, परवेज, अहकाम, एलीना, सलमा, कोमल आदि मौजूद रहे।

# परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** राष्ट्र गौरव परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र सिंह यादव के गागलहेड़ी आगमन पर स्वागत के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ गया। लॉर्ड कृष्णा इंटर नेशल एकेडमी के वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारत मां के वीर सपूत जिनका भव्य स्वागत किया गया वही पुलिस की कड़ी निगरानी भी रही।

मंगलवार को गागलहेडी में परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र सिंह यादव का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। कस्बे की सड़कों पर राष्ट्रभक्ति का अलग ही नजारा देखने को मिला। कोलकी टोल प्लाजा से निकल कर जैसे ही स्वागत एवं सम्मान यात्रा कस्बे में पहुंची सड़क के दोनों ओर इंतजार में खड़े बच्चो, पूर्व सैनिकों व सामाजिक संगठनों से



जुड़े कार्यकर्ताओ ने पुष्प वर्षा से योगेन्द्र यादव का भव्य स्वागत किया। लगभग तीन किलोमीटर लंबे मार्ग को लोगो ने अपने हीरो के सम्मान में तिरंगे और देशभक्ति के रंग में रंग दिया, शिक्षक संस्थान लॉर्ड कृष्णा इंटर नेशल एकेडमी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बन कर आये वीर योद्धा की झलक पाने के लिए स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर घंटों खड़े रहे। स्कूल प्रबंधक विपुल यादव व प्रधानाचार्या प्रतिभा यादव और सत्य श्री कृष्ण इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सत्यवती यादव व पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने आगमन पर आभार व्यक्त किया है।इस दौरान विपुल यादव, तेजेंद्र यादव, सिद्धार्थ यादव, विकास यादव, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र मौर्य, विशु त्यागी, सूचित यादव, प्रशांत शर्मा, महेंद्र राकेश, अच्छन यादव, नितिन यादव, बंटी यादव, दीपक प्रधान, फरमान प्रधान, आयुष गुप्ता, राव नावेद, अभिषेक यादव, मुकुल पाल, कार्तिक शर्मा, सुमित यादव, सुनील सैनी दुष्यंत यादव, सूरज धीमान, आर्यन यादव, राव नावेद, पवन दुआ, हाजी अकरम, आलोक शर्मा, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मुकदमें में वांछित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, उपनिरीक्षक राहुल कुमार व उपनिरीक्षक उदित गंगवार के नेतृत्व में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी मुन्ना उर्फ फरीद अंसारी पुत्र इनाम उर्फ नाम्मा व उवैश पुत्र गुलजार निवास. `गण नाजिम कालोनी पुराना कलसिया रोड थाना मंडी को खाली प्लाट जुल्मगढ़ की पुलिया के पासा पुराना कलसिया रोड से दबोच लिया। थाना प्रभारी श्री त्यागी ने बताया कि आरोपी मुन्ना उर्फ फरीद शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ मंडी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में पांच मुकदमें दर्ज हैं।

# अवैध निर्माण पर सील व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने अलग अलग जोन में अनाधिकृत निर्माणों पर सील एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

एसडीए टीम ने जोन एक में देहरादून रोड, बिजलीघर के आगे उग्राहू में मोसूफ अली खान द्वारा करीब 300 वर्ग मी में हाल का निर्माण कार्य सील किया। जोन 11 में ज्वाला जी एन्कलेव के पीछे सटा हुआ चक्रेश एवं रानी द्वारा करीब 100 वर्ग मी के क्षेत्र में अवैध काला. `नी में आवासीय भवन के निर्माण कार्य को सील किया। इसी जोन में मिनी बाइपास को जाने वाली चकरोड पर ईंट के भटटे के पीछे ताहरपुर में यामीन, आशीष जैन व अन्य द्वारा करीब 10,000 वर्ग मी भूमि में समतलीकरण तथा बिजली के खंबों को लगाने के कार्य को ध्वस्त किया



गया। इसके अलावा जोन 4 में रकबा रामनगर, मल्हीपुर रोड में मुकेश कुमार द्वारा 20,000 वर्ग मी भूमि पर अवैध कालोनी विकसित करने के कार्य को भी ध्वस्त किया गया।

इस कार्रवाई में अधिशासी अभियंता सार्थक शर्मा, सहायक अभियंता वीरेश कुमार राना, अम्बरीश कुमार, अवर अभियंता शोएब आलम, आशीष सक्सेना, धर्मवीर सिंह, प्रदीप कुमार गोयल, मेट अमरनाथ, लाल बहादुर, विजय बिष्ट, चरण सिंह, रिजवान व सुभाष शामिल रहे।

# बच्चों ने मैडल जीतकर चमकाया नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एम एम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐनुअल इंटर स्कूल स्पोटर्स मीट में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर स्कूल का का नाम रोशन किया।

अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित 50 मीटर की दौड़ में छात्रा इल्मा अहसान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, 400 मीटर रिले रेस में सादान राशिद, अर्श नौशाद, उमर शहजाद, हयात गनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। जेव. लिन थ्रो में छात्र रिहान कादिर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया।

निर्णायक पेनल में जिला खेलकूद संघ के सचिव डॉ अशोक




कुमार गुप्ता, जिला खेलकूद कमेटी सचिव मो मुस्तकीम अंसारी, एडवोकेट अमजद अली खान, महताब अली, तरंन्नुम खान, कुलवंत कोर आदि शामिल रहे। स्कूल की प्रबंधक यास्मीन महताब ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रसंसा करते हुए विजेताओं को बधाई दी।

# उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सीनियर्स को दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एल्पाइन पब्लिक स्कूल में आज विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ एक भव्य विदाई समारोह एवं करियर काउंस. लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य शकील अहमद ने अपने आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट अतिथियों एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। जिसमे मुख्य रूप से प्रो. माजिद जमील (इलेक्ट्रिकल इंजी. नियरिंग विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली) व प्रमुख वक्ताओं में माॅ शाकुम्भरी




विश्वविद्यालय से श्रीमती कोमल त्यागी (मनोविज्ञान विशेषज्ञ), डॉ. आर्चासावी त्यागी (वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञ), डॉ. कृष्णा आनंद (रसायन विज्ञान विशेषज्ञ), डॉ. कमलप्रीत कौर (प्रबंधन एवं वाणिज्य विशेषज्ञ), सुश्री आस्था जोशी तथा भाव्य सोम गर्ग (कानूनी अध्ययन विशेषज्ञ) शामिल रहे।

वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं ज्ञान विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषय एवं करियर चयन की उपयोगी सलाह दी, जिससे वे अपने भविष्य को सफल एवं सशक्त बना सकें। इस कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने मे माॅ शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय के कॉर्डिनेटर रंजन गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक एवं खेल गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया।

# मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

**गंगोह।** मंदिर से लगभग 6 माह पुर्व पीतल के बर्तनों सहित अन्य सामान चुराये जाने की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चोर को पकडकर उसकी निशानदेही पर चोरी का कुछ सामान बरामद कर लिया है।

कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सुखविन्द्र सिंह निवासी गांव मेघनमाजरा 21 जुन 25 में गांव के नागदेवता मंदिर से सामान चुराने की तहरीर दी थीं। जिसके आधार पर पुलिस ने गांव बुड्ढाखेडा निवासी पटवारी उर्फ इल्ताफ पुत्र यासीन को काजियों के बाग के समीप से संदिग्ध हालत में पकडकर उक्त सामान बरामद किया है। आरोपी ने अपने साथ चोरी में शामिल अपने दुसरे साथी का नाम भी पुलिस को बता दिया है। जिसकी पुलिस ने तलाश शुरु कर दी है।

# रामपुर मनिहारान बना ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रामपुर मनिहारान आलराउंडर चैंपियन बना।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, वित्त एवं लेखा अधिकारी शिवेंद्र पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी नगर योगेश शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी, डाइट प्रवक्ता महेंद्र अधिकारी, जिला समन्वयक नीरज प्रताप एवं अतुल, जिला व्यायाम शिक्षक रवींद्र पंवार सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्रवीण चौधरी एवं गोपाल



शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक व्यक्तिगत चैंपियनशिप अफसा (पीकी, पुंवारका) ने तथा जूनियर व्यक्तिगत चौंपियनशिप नैंसी (पीकी, पुंवारका) ने प्राप्त की। ऑलराउंडर चैंपियनशिप विकास क्षेत्र रामपुर मनिहारन को मिली, जबकि जूनियर बालक व्यक्तिगत चैंपियनशिप आयान (रेडी मो. हद्दीनपुर, पुंवारका) ने हासिल की। गोला एवं चक्का फेंक में तरुण (ढाकादेवी) प्रथम तथा शालिनी (घुन्ना) द्वितीय स्थान पर रहीं। बैडमिंटन एकल में माही (कुरलकी, बलियाखेड़ी) प्रथम एवं जोया (कपूरी, नागल) द्वितीय रहीं। हॉकी में पीकी पुंवारका, योग में पुनवारका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय गान के साथ प्रतियोगिता का विधिवत समापन हुआ।

# विशेषज्ञों ने दिए उपयोगी सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब सहारनपुर के तत्वावधान में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनता रोड स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् राजेन्द्र अटल, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. ए.सी. पपनेजा, डॉ. सुशील कुमार गुप्ता (जिला कार्यक्रम समन्वयक, आयुष्मान भारत), जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविंद कुमार पाठक, प्रधानाचार्या प्रीती लाम्बा, जिला समन्वयक अम्बरीश कुमार एवं कोषाध्यक्ष अर्पिम गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला समन्वयक अम्बरीश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह आयोजन समाज में पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने रोगों से बचाव, उपचार प्रक्रिया एवं आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी, जबकि डॉ. ए.सी. पपनेजा ने 25 हैंड्स-ऑन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

चित्रकला प्रतियोगिता में शैफिया अर्सी ओवरऑल विजेता रही। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 7 की खुशनसीब, कक्षा 8 की जानवी, कक्षा 9 की लव्या धीमान, कक्षा 10 की अलीना, कक्षा 11 की वंशिका तथा कक्षा 12 की शैफिया अर्सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल प्रथम स्थान शैफिया अर्सी, द्वितीय लव्या धीमान एवं तृतीय अलीना ने हासिल किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिकाएं ऋतु गोयल एवं फरहीन जैदी ने किया। अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**तीतरो।** गांव माधोपुर के चमेली देवी वीना वर्मा सर्वोदय विद्यालय का 24 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के द्वारा 10वीं व 12वीं के उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि योगेंद्र गर्ग ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में अविश्वास प्रस्ताव

यह देखना बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद में टकराव बढ़ता जा रहा है और अब यह टकराव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला को पद से हटाने तक पहुंच गया है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा। कांग्रेस सूत्रों की मानें, तो नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि 1:15 मिनट पर उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए केवल 50 की जरूरत होती है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध नोटिस पर उसमें लगाए गए आरोपों की जांच होगी और नियमानुसार जांच के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई को लेकर सचिवालय विचार करेगा। नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला सदन की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के सदस्यों को सदन में पर्याप्त समय बोलने का दिया जाता है जबकि विपक्षों को बार-बार अनावश्यक रूप से रोका टोका जाता है। नोटिस में 2 फरवरी के दिन का भी जिक्र किया गया है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नोटिस में इस बात को उठाया गया है कि किस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री के न आने का कारण बताया गया था। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर केसी वेणुगोपाल का है जबकि दूसरे पर द्रमुक के टीआर बालू का और तीसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव हैं। नोटिस की प्रतिक्रिया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे पर सदन में नहीं आने की बात कही है। जहां विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर कटघरे में खड़ा कर रहा है, वहीं भाजपा उनके साथ पूरी तरह खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद संबिद पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। यह आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहेंगे, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि संसद का नजारा आजकल जिस तरह देखने में आता है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे लोकतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करने वाला है। हमारे माननीयों को लगता है कि अब किसी बात की चिंता नहीं रह गई है और वह अपने हितों को ही सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो संसद सुचारू रूप से चले, इसका इंतजाम अब तक हो चुका होता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी संसद न चलने को समान रूप से जिम्मेदार हैं, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि संसद सुचारू रूप से चले इसकी सबसे जिम्मेदार सरकार की होती है।

## किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा



खेती से जुड़ी हर चीज विदेश से आएगी, तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा, ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा, जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा, तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा, आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है, किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है, कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साजिश रची जाती है, कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# तोड़ डाले 1.5 लाख आशियाने और टियर्स टूरिज्म



पवन सिंह

एक घर था, पांव फैलाने लायक, कब्र जितनी जगह थी, 70 से 100 साल पुराना मोहल्ला कालोनी थी। मलिन ही सही। एक बस्ती, बसती थी। फिर हुकूमत बदली। अच्छे दिन आएी लोगों को तालियां बजाकर भजन गाने में लगा दिया गया। इसी बीच गिद्धों के साथ लोमड़ियों और भेड़ियों (नेता, लालफीता कौम व धन्नासेठों) की बैठकें हुईं। फिर न उनको इंसान दिखा, न आशियां दिखा और कुछ ही सालों में 1 लाख 50 हजार बस्तियां जमींदोज कर दी गईं। बेजान बुतों को विशालकाय आशियाना देने के नाम पर। इंसानी बस्तियों को नादिरशाही अंदाज में रौंद कर पार्क बनाने के नाम पर और कहीं किसी पूंजीपति के लिए आलीशान अट्टालिकाएं बनाने के नाम पर। बस्तियां टूटती रहीं, लोग बिलखते रहे, बच्चे अपनी बिखरी किताबों और टूटे स्कूल बैग को समेटते रहे, खाए-पिए-अभागे लोग उल्टा ठीकरा बस्तियों पर ही फोड़ते रहे और गुलाम मीडिया कातिल को ही रहनुमा व मुंसिफ बताता रहा। कुछ ही सालों में 7 लाख 40 हजार लोग खुले आसमां के तले आ गए।

हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क यानी की रिपोर्ट बताती है कि देश में वर्ष, 2022- 2023 के मध्य करीब 1 लाख 50 हजार बस्तियां तोड़ दी गईं। देखते-देखते 7 लाख 40 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि विध्वंस की 95 प्रतिशत यह कार्रवाई गोबर पट्टी राज्यों में हुई। बस एक नोटिस। न कोर्ट, न डेट्स, न जज, न वकील, न तकरीर। एक फरमान। बुल्डोजर और हथियार बंद सिपाही। अंग्रेजी हुकूमत में भी फांसी पर चढ़ने वालों को न्यायालय की दहलीज तक का सफर तय करने का मौका मिलता था, लेकिन उनके मुखबिरों ने यह सुविधा तक छीन ली। अतिक्रमण हटाने व तथाकथित विकास योजनाओं के नाम पर आशियाने उजाड़ दिए गए। लोगों ने रील्स बनाईं। विध्वंस इन्ज्वाय किया। गरीबों के आंसुओं का टियर्स टूरिज्म जैसा आनंद लिया और बात खत्म हुई।

लखनऊ से किस्सागोई करते हैं। एक था अकबर नगर। इसका नाम ही इसका काल बना। वरना जो अकबर नगर बस्ती मुख्य रूप से 1970 से बसनी शुरू हुई थी, उस वक्त लखनऊ विकास प्राधिकरण का गर्भकाल भी आरंभ नहीं हुआ था। लखनऊ विकास प्राधिकरण 1974 में बना और तब तक कुकरैल नदी के किनारे इस तथाकथित अवैध बस्ती का जन्म हो चुका था। बस्ती तथाकथित अवैध थी, लेकिन राशनकार्ड वैध थे। सांसद, विधायक निधि से अंदर बनाई गई नालियां व गलियां वैध थीं। बिजली के कनेक्शन वैध थे। हाऊस टैक्स वैध था और बिजली विभाग के खंभे वैध थे, लेकिन बस्ती अवैध थी। इस बस्ती में ग्रेड थर्ड और ग्रेड-टू के तथाकथित हिन्दुओं की, मुस्लिमों के साथ मिश्रित आबादी थी। आशियाने पर, नाम अकबर भारी पड़ गया और घरों पर पार्क तामीर करवा दिया गया। 1 हजार 800 घर मटियामेट कर दिए गए। लेकिन वहीं पंत नगर बख्श दिया गया। वैसे लोग कहते हैं नाम में क्या रखा है। तोड़ने ही थे आशियाने तो पहले गरीबों का बंदोबस्त कर देते। शहर से दूर ले जाकर कूड़े-कचरे की तरह फेंक दिए गए। कहने को कुछ लाख का आवास दे दिया गया, लेकिन वह भी मुफ्त नहीं। पैसा भरना होगा। बस्ती बसने क्यों दी। किसने बसाई। कौन जिम्मेदार है। बुल्डोजर ने कुछ नहीं देखा। त्वरित न्याय। इसके बाद लखनऊ के सैरपुर पलहरी गांव, मोहन रोड कलिया खेड़ा, अमौसी और काकोरी में विकास का बुलडोजर आया, बिजनौर, सोनई कंजेरा, कल्ली पश्चिम, और भरवारा सहित कई अन्य इलाकों में भी 12 से अधिक अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चल गया। सवाल वही कि इतना ईमानदार प्रशासन ने ऐसे प्लाटों व मकानों की रजिस्ट्री कैसे होने दी गई। राजस्व विभाग हर साल गरीब जनता की करोड़ों की स्टांप ड्यूटी कैसे चबा जाता है? रजिस्ट्री ही न होने पाए ऐसी गलती के लिए आम आदमी क्यों भुगते। खैर एक बड़ा तबका खुश हुआ, जिसे विध्वंस पर, लाशों पर, तबाही पर, नफरत पर, हत्याओं पर। खुश होने के लिए इतने सालों में तैयार किया गया था। लेकिन इस खुश तबके के घर और दुकानें भी अब जद में आ चुकी हैं, क्योंकि गिद्धों को नोचना आता है। अब गिद्धों-लोमडियों-भेड़ियों की तिकड़ी आप के घरों और दुकानों की ओर है। बनारस की दाल मंडी और अयोध्या का सौंदईकरण, मेरठ के बाजार और दिल्ली की बस्तियां। यहीं पर वसीम बरेलवी साहेब का शेर याद आता है-

जलते घर को देखने वालों फूस का छप्पर आपका है

आपके पीछे तेज हवा है आगे मुकद्दर आपका है।

उस के कत्ल पे मैं भी चुप था मेरा नम्बर अब आया।

मेरे कत्ल पे आप भी चुप है अगला नम्बर आपका है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने भी विगत तीन वर्षों में 5,000 से अधिक घर तोड़ डाले और एक विध्वंस की कालिख पर लिखा-अतिक्रमण व अवैध बैनर टांगा-विकास परियोजनाएं। बनारस में मंदिर, सुंदरीकरण व कॉरिडोर निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मणिकर्णिका घाट पुनर्विकास के दौरान कई प्राचीन छोटे मंदिर, चबूतरे और रिहायशी इमारतें वैसे ही उड़ा दी गईं जैसे गाजा में इजरायल ने उड़ा दीं हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-2021 के बीच कॉरिडोर परियोजना के तहत 300 से पुराने मंदिर व घरों के भीतर बने मंदिर तक तोड़ दिए गए। मंदिर छोटे थे इसलिए उनके भीतर बने ईश्वर शायद Below Poverty Line के थे, इसलिए न रोक सके। अब मणिकर्णिका घाट का नंबर लग चुका है और प्रसिद्ध प्राचीन व्यापारिक दाल मंडी टूट रही है। अयोध्या में वर्ष, 2022-2024 के बीच कई पुराने मकानों, दुकानों और छोटे मंदिरों को तहस-नहस कर दिया गया। कभी समय मिले तो आस-पास के दुकानदारों व 100 स्क्वायर फीट के बचे घरों में रहने वालों से मुआवजे का सच पूछिएगा।

वह रो देगा। जो मुआवजा मिला उससे एक कमरा ही बन सकता था। तमाम वीडियो यूट्यूब पर हैं देखिए और अपनी भावना के हिसाब से द्रवित होइए या तालियां बजाइए, यह आपका अपना विवेकाधिकार है। एक रिपोर्टों के अनुसार करीब 4 हजार से अधिक दुकानें और घर नष्ट हुए। अयोध्या में राम पथ यानी नगर चौराहा से सहादतगंज बीच के निर्माण करीब 200 साल पुराने थे। उधर, गिद्धों-लोमड़ियों-भेड़ियों की नजर अब काशी द्वार के नाम पर बनारस के पिंडरा ब्लाक पर पड़ गई है। गिद्ध-लोमडियां-भेड़ियां मिलकर अब करीब 15 गांवों को पूरी तरह से खाली करा रहे हैं। इन गांव के सभी लोगों को हटाकर यहां होटल, रेस्तरां, रिजॉर्ट, विदेशों और देश के अन्य राज्यों से आने वालों के लिए ठहरने के अड्डे बनाए जाएंगे। रखो अपनी खसरा-खतौनी, रजिस्ट्री, पुश्तैनी जमीन। जो जूठन मुआवजे के नाम पर है रखो और चलते बनो। प्रभावित सभी गांव के लोग विगत कई महीनों से तहसील पिंडरा पर प्रदर्शन कर रहे थे पर गिद्ध-लोमडियां व भेड़िए सुनने को तैयार नहीं हैं। दिनांक 6 फरवरी, 2026 को चुनौली गांव में संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले एक सभा आयोजित की गई। लोगों ने खाने की व्यवस्था की लेकिन प्रशासन द्वारा खाने में मिट्टी, राख मिलाकर भोजन खराब कर दिया गया। कुछ गांव वालों के अनुसार जहर डाल दिया गया। ऐसा बताया गया और खबरें आईं। सभा वाले दिन की पूर्व रात्रि को पूरे गांव को पुलिस व सीआरपीएफ ने घेर लिया। चुनौती गांव, छावनी में बदल दिया गया। सुरक्षाबलों ने गांव में घुसकर लोगों के साथ बदतमीजी की, रात में सोए हुए लोगों के दरवाजे जबरिया खुलवाए, गुड़ बनाने वाली भट्टियां तोड़ दी गईं और महिलाओं व पुरुषों के साथ गाली-गलौज हुई। अगले दिन जब लोग सभा में जाने के लिए अपने घरों से निकले तो लाठीचार्ज कर दिया गया। सरकार पूंजीपतियों के लिए जमीन की दलाली पर उतर चुकी है। अभी बनारस में ही रहिए आगे का किस्सा पढ़िए- आईडीएच-कज्जाकपुरा, जिला- बनारस, यहां है नगर निगम का आदमपुर जोन का दफ्तर और यहीं है एक विशाल कूड़ाघर।

विशाल डंपिंग यार्ड। इसी कूड़ेघर के पीछे गन्दगी में सफाई कर्मचारियों की वह बस्ती थी जो शहर को साफ रखती थी। यहां 250 से अधिक हेला यानी दलित समुदाय के यह लोग रहते थे। किसी से कोई शिकायत नहीं। शहर को साफ करते और खुद नर्क में रहते थे। वाराणसी नगर निगम ने खुद इस बस्ती को 2005 में दया के आधार पर बसाया था और अब उसी नगर निगम ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। बस्ती पर बेदखली का नोटिस चस्पा कर दिया गया और 17 जनवरी 2025 को बुलडोजर न्याय हो गया। तत्कालीन नगर आयुक्त पुष्यपति सक्सेना जी की मानवीय सोच को निपटा दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका

**संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि मूलभूत विज्ञानों के इनपुट के बिना इन लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य और संचार जैसी बड़ी चुनौतियों का समाधान मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों की बदौलत ही प्राप्त हो सकेगा। यही नहीं मूलभूत विज्ञानों से पृथ्वी पर निवास कर रही लगभग आठ अरब जनसंख्या के विभिन्न अच्छे-बुरे प्रभावों को समझने और किसी-न-किसी तरीके से समाधान खोजने में सहायता मिलेगी।**

कोरोना वायरस की सूक्ष्म, गहन और संपूर्ण संरचना को समझने और उससे फैली महामारी का सामना करने के लिए टीका बनाने में मूलभूत यानी बेसिक विज्ञान की अहम भूमिका रही है। महत्वाकांक्षी मानव जीनोम परियोजना को पूरा करने में बुनियादी विज्ञानों का बहुत बड़ा हाथ है। आज हम इंटरनेट पर जिस वर्ल्ड वाइड वेब का उपयोग कर रहे हैं। वह मूलभूत विज्ञान की ही देन है। दरअसल यूरोपीय प्रयोगशाला सर्न में बुनियादी भौतिकी प्रयोगों में वैश्विक सहयोग के दौरान इसका आविष्कार हुआ था। अंतरिक्ष जगत में मिली तमाम छोटी-बड़ी सफलताओं का आधार मूलभूत विज्ञानों में दीर्घकालीन अनुसंधान है। साल 2022 को निर्वहनीय विकास के लिए मूलभूत विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके लिए चुनी गई थीम में जिन मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, उनमें अंतर्राष्ट्रीय संवाद और शांति के लिए मूलभूत विज्ञानों की भूमिका, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाना, नवाचार और आर्थिक विकास, वैश्विक चुनौतियों का समाधान और शिक्षा तथा मानव विकास प्रमुख हैं। वर्ष 2022 इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स और इंटरनेशनल मैथेमेटिकल यूनियन (आएमयू) का शताब्दी वर्ष भी है। अतः IYBSSD के माध्यम से विज्ञान जगत में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार में एक और नया अध्याय जोड़ने में मदद मिलेगी। संस्था की वेबसाइट में बताया गया है कि कोई भी वैज्ञानिक संस्थान और विश्वविद्यालय IYBSSD-2022 के लिए गतिविधियां भेज सकता है। 2017 में माइकल स्पाइरो ने यूनेस्को द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बोर्ड की बैठक में 2022 को



अंतर्राष्ट्रीय मूलभूत विज्ञान वर्ष के रूप में मनाने का विचार रखा था। उन्होंने बैठक में 2005-2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाए गए विज्ञान वर्षों का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर विचार मंथन और समीक्षा का विचार भी रखा था। हम लोग वर्ष 2005 में भौतिकी, 2008 में पृथ्वी ग्रह, 2009 में खगोल विज्ञान, 2011 में रसायन विज्ञान, 2014 में क्रिस्टलोग्रॉफी और वर्ष 2015 में प्रकाश एवं प्रकाश आधारित प्रौद्योगिकी थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मना चुके हैं। स्पाइरो ने बैठक में एक अहम विचार यह रखा था कि मूलभूत विज्ञानों के सभी विषयों के वैज्ञानिकों को एक साथ लाने की आवश्यकता है, ताकि वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का उपयोग टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्यों को पूरा करने में किया जा सकेगा। स्पाइरो फ्रांस के विख्यात भौतिकीविद हैं और पार्टिकल फिजिक्स की सर्न प्रयोगशाला से जुड़े हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की आम सभा के 76 वें सत्र (2 दिसंबर 2021) में साल 2022 को IYBSSD-2022 के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। घोषणा में कहा गया है कि मूलभूत विज्ञान की चिकित्सा, उद्योग, कृषि, जल संसाधन, ऊर्जा नियोजन, पर्यावरण, संचार और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान, ये चारों विषय मूलभूत विज्ञान के दायरे में आते हैं, जो प्राकृतिक और ब्रह्मांडीय घटनाओं की व्याख्या और गहन समझ बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, इन्हीं विषयों की बदौलत प्राकृतिक संसाधनों के रूपांतरण में भी मदद मिली है। विज्ञान को मोटे तौर पर मूलभूत और प्रयुक्त विज्ञानों में बांटा गया है। मूलभूत विज्ञान की कोख से ही प्रयुक्त विज्ञान का उद्गम होता है। प्रयुक्त विज्ञान में अनुसंधान से प्रौद्योगिकी और नवाचारों का विस्तार हुआ है। समाज में प्रौद्योगिकी की चकाचौंध, वर्चस्व और विस्तार से मूलभूत विज्ञान की उपेक्षा हुई है। बीते दशकों में विश्वविद्यालयों में मूलभूत विज्ञान में विद्यार्थियों की दिलचस्पी घटी है। विज्ञान संस्थानों में समाज और बाजार की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान पर जोर है। विश्व के अधिकांश देशों में सरकारों ने मूलभूत विज्ञानों में शोध-बजट में बढ़ोतरी को आवश्यक नहीं समझा है। इसके कारण हैं। पहला, मूलभूत विज्ञानों का समाज से सीधा सरोकार नहीं है। दूसरा, तत्काल लाभ नहीं मिलता। एक और कारण है कि इसकी बाजार को प्रतिस्पर्धी बनाने में भूमिका दिखाई नहीं देती। IYBSSD-2022 एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब आर्थिक और राजनैतिक नेतृत्व और सभी देशों के नागरिकों को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास किया जा रहा है कि पृथ्वी ग्रह का संतुलित, टिकाऊ और समावेशी विकास मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों पर निर्भर है।

**...स्रोत फीचर्स**

# गार्टर सांप दोस्तियां करते हैं

**वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है।**



सांपों के बारे में प्राय: माना जाता है कि वे समूह में नहीं रहते वरन अकेले यहां-वहां सरसराते रहते हैं, लेकिन हाल ही में बिहेवियोरल इकॉलॉजी में प्रकाशित अध्ययन इस मान्यता का खंडन करता है और बताता है कि गार्टर सांप Thamnophis butleri समूह बनाते हैं। इस समूह में वे लोग शामिल होते हैं जिनके साथ उनकी मित्रता होती है या जिनका साहचर्य वे पसंद करते हैं। समूह की मुखिया कोई बुजुर्ग मादा होती है जो उस समूह के युवा सांपों का मार्गदर्शन करती है। आम लोगों के अलावा पारिस्थितिकी विज्ञानियों को भी काफी समय तक यही लगता था कि सांप असामाजिक और एकाकी जंतु होते हैं और केवल संभोग और शीतनिद्रा के समय ही साथ आते हैं।

इसका एक कारण यह हो सकता है कि उन पर अध्ययन ही बहुत कम हुए हैं, क्योंकि वे बिलों में या छिपे हुए रहते हैं और उन्हें ढूंढना मुश्किल होता है, लेकिन वर्ष 2020 में, विल्फ्रिड लॉरियर विश्वविद्यालय के व्यवहार पारिस्थितिकीविद मॉर्गन स्किनर और उनके दल ने प्रयोगशाला अध्ययनों में देखा कि कृत्रिम आवासों में रखे गए गार्टर सांप मित्र बनाते हैं, उनके ऐसे साथी होते हैं जिनका साहचर्य वे अन्य की तुलना में अधिक पसंद करते हैं। इसके पहले 2009 में, कनाडा के ओंटारियो परिवहन मंत्रालय ने गार्टर सांपों की सुरक्षा के लिए एक अध्ययन करवाया था। इसमें वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है। यह भी देखा गया कि मादा सांप नर की तुलना में अधिक मिलनसार होती हैं और सबसे अधिक बुजुर्ग मादा सांप दोस्तों के साथ दिखती हैं। इसके अलावा वे ही समूह की मुखिया भी होती हैं, और समूह के युवा सदस्य उनका अनुसरण करते हैं। यह भी देखा गया कि उम्र बढ़ने के साथ नर सांप अधिक असामाजिक होते जाते हैं। यह भी पता चला है कि सांप समान लिंग और हम-उम्र सांपों के साथ भी मेल-जोल रखते हैं।

यानी यह मेलजोल सिर्फ संभोग के उद्देश्य से नहीं होता। इसके अलावा, नर और मादा दोनों में ही यह देखा गया है कि जो भी सांप अधिक सामाजिक था वह अधिक स्वस्थ थाय लगता है कि दोस्तियां करने से उन्हें फायदा होता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि समूह में होने से शिकारियों से बचा जा सकता है, या भोजन और शीतनिद्रा के लिए अच्छे स्थान ढूंढने में मदद मिल सकती है। या यह भी हो सकता है कि दोस्तों के करीब घूमने से उन्हें गर्माहट मिलती हो। अब तक सांप-समाजों में मादाओं का महत्व उपेक्षित था। माना जाता है कि नर संभोग के लिए मादाओं की तलाश में रहते हैं, लेकिन मादाएं बच्चे पैदा करने के अलावा कुछ नहीं करतीं। अध्ययन इसे स्पष्ट रूप से गलत सिद्ध करता है, और बच्चों और युवा सांपों के मार्गदर्शन और सुरक्षा में मादाओं की भूमिका उजागर करता है। यह अध्ययन यह समझने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है कि प्राकृतिक परिस्थितियों में सांपों का समूह कैसे बनता है। स्किनर का मत है कि यदि पारिस्थितिकीविद अपने पूर्व फील्ड नोट्स या अध्ययनों पर दोबारा गौर करेंगे तो सांपों पर ऐसे और भी अध्ययन संभव हो सकेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**



नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह के दौरान उनके साथ केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

## मैक्सवेल का संसद की समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी टॉन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहां वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है। जेल के ही बंद कमरे से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया।

# शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम पीएम!

## कश्मीर मूल की हैं, अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स विवाद से पीएम स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है।

कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओ. के के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। दरअसल, ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद की वजह से पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ आफ स्टाफ मार्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा है। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने भी माना है कि यह नियुक्ति गलत थी। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं।



■ लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं

इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि चुनौती देने वाले उम्मीदवार को पार्टी के संसदीय सदस्यों से कम से कम 20 प्रतिशत का समर्थन हासिल करना जरूरी है। यह नियम 2021 में पार्टी कान्फेंस में बदलाव के बाद लागू हुआ था। पहले यह सीमा सिर्फ 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है ताकि कोई भी आसानी से लीडरशिप चुनौती न दे सके और पार्टी में स्थिरता बनी रहे। अभी लेबर पार्टी के कुल सांसदों की संख्या लगभग 404-405 के आसपास है, इसलिए किसी भी चुनौती को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 81 लेबर सांसदों का लिखित समर्थन जुटाना पड़ता है। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच होम मिनिल्टर शबाना महमूद को उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। 45 साल की शबाना महमूद पहले न्याय मंत्री और लार्ड चांसलर रह चुकी हैं। बर्मिंघम में पाकिस्तानी माता-पिता के यहां जन्मी शबाना महमूद ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। वह पेशे से बैरिस्टर हैं। 2010 में रुशानारा अली और यास्मिन कुरैशी के साथ वह ब्रिटेन की पहली महिला मुस्लिम सांसदों में शामिल हुईं। लेबर पार्टी में वे कीर स्टार्मर की करीबी सहयोगी मानी जाती हैं और पार्टी के दक्षिणपंथी (राइट-विंग) गुट से जुड़ी हैं। वे इमिग्रेशन (प्रवासन) नीतियों पर काफी सख्त रवैया रखती हैं और कहती हैं कि ब्रिटेन में रहना एक विशेषाधिकार है। 2010 में संसद पहुंचने के कुछ ही महीनों बाद उन्हें पार्टी की अहम जिम्मेदारी दे दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने कब्जे में लिया वेनेजुएला से जुड़ा तेल का टैंकर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेजुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गए। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को यह जानकारी दी। हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, 'मुआयने के अधिकार' के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की। यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेजुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था।

### जापान में हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत, 604 घायल

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भारी हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत हो गई है और 604 लोग घायल हुए हैं। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक के अनुसार, देश की अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के आंकड़ों के विश्लेषण में यह जानकारी दी गई है। घायलों में से लगभग एक-तिहाई (193 लोग) गंभीर रूप से घायल हैं। मौतों की सबसे अधिक संख्या निगाटा प्रान्त में दर्ज की गई, जहां 17 लोगों की जान चली गई। जापान में 20 जनवरी से जारी हिमपात की ताजा लहर आठ फरवरी को टोक्यो पहुंची।

### रूस के क्रास्नोडार भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरो-मेडिटेरेनियन भूकंप विज्ञान केंद्र (इएमएससी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार नोवोरोस्सिय्स्क के महापौर आंद्रेई क्रावचेंको ने मंगलवार को कहा कि भूकंप के झटके शहर से 30 किलोमीटर (18.6 मील) दूर महसूस किए गए और इससे शहर की अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव: लावरोव

## कहा: अमेरिका एनर्जी सप्लाई कर कंट्रोल चाहता है, ताकि दुनिया के देश उनसे महंगी गैस खरीदें

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमे. रिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं। लावरोव ने कहा कि अमे. रिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्सदेशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है। ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था और डॉलर के जरिए अपनी ताकत दिखाता था, लेकिन अब उसकी पकड़ कमजोर हो रही है। वहीं चीन, भारत और ब्राजील जैसे देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अफ्रीका के देश भी अब सिर्फ कच्चा माल बेचने के बजाय अपने यहां इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता पर लावरोव ने कहा कि भारत जिन मुद्दों को आगे बढ़ा रहा है, वे आज की जरूरतों से जुड़े हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, खाने और ऊर्जा की सुरक्षा, तकनीक और एआई जैसे विषय अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत फरवरी में एआई पर एक बड़ी बैठक करने वाला है, जिसमें रूस भी शामिल होगा। रूस का कहना है कि एआई को लेकर नियम ऐसे होने चाहिए, जिनमें हर देश की आजादी बनी रहे और कोई एक देश बाकी देशों पर हुक्म न चलाए। लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश अपनी पुरानी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। ट्रम्प सरकार के आने के बाद यह और साफ हो गया है कि अमेरिका ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी दुनिया पर कंट्रोल चाहता है और अपने मुकाबले वालों को रोकने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इन हालात का असर रूस के दूसरे देशों के साथ रिश्तों पर भी पड़ रहा है। रूस पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। खुले समुद्र में रूसी जहाजों को रोका जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। कुछ देशों को रूसी तेल और गैस खरीदने पर टैरिफ भी देना पड़ रहा है। लावरोव ने कहा कि रूस के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि देश सुरक्षित रहे और आगे बढ़ता रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोप में कुछ नेता खुले तौर पर रूस के खिलाफ युद्ध की बात कर रहे हैं। रूस का कहना है कि उसकी सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि यूक्रेन की जमीन से उसे कोई खतरा न हो और क्रीमिया, डोनबास और नोवोरोसिया में रहने वाले रूसी और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। ब्रिक्स को लेकर लावरोव ने कहा कि इंडोनेशिया के जुड़ने से यह समूह और मजबूत हुआ है। रूस आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और डब्ल्यूटीओ को खत्म नहीं करना चाहता, लेकिन चाहता है कि तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं को इन संस्थानों में उनका सही हक मिले। पश्चिमी देश इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से रूस और ब्रिक्स देश मिलकर नए रास्ते तलाश रहे हैं। इसमें अपनी-अपनी करेंसी में व्यापार करना, नए पेमेंट सिस्टम बनाना, निवेश के नए तरीके और अनाज के लिए अलग बाजार तैयार करना शामिल है। लावरोव ने साफ किया कि इसका मकसद किसी के खिलाफ जाना नहीं है, बल्कि खुद को एकतरफा दबाव से बचाना है।



■ अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं: लावरोव

## ईरान से जुड़े मुद्दे का शांतिपूर्ण हल जरूरी: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ईरान के आसपास के हालात को शांति से सुलझाया जाना चाहिए क्योंकि ताकत का इस्तेमाल करने से सिर्फ समस्याएं बढ़ेंगी। लावरोव ने मॉस्को में वल्दाई अंतर्राष्ट्रीय चर्चा क्लब के मौके पर हुए मध्य पूर्व सम्मेलन में कहा कि हम ईरान से जुड़ी कार्यवाही पर करीब से नज़र रख रहे हैं। हम ओमान सल्तनत की तरफ से की गई मध्यस्थता की कोशिशों का स्वागत करते हैं। बेशक, हम इस समझ से आगे बढ़ रहे हैं कि यहां शांतिपूर्ण समझौता होना चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने पश्चिमी एशिया में एक लड़ाकू विमान कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका ने ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए मजबूर करने की कोशिश में उसे लगातार चेतावनी भी भेजी हैं। लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के भविष्य को लेकर परेशान और चिंतित है, और वह ईरान एवं खाड़ी के अरब देशों के लिए सहयोग परिषद के बीच रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने में दिलचस्पी रखता है। उनकी राय में, ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक रिश्तों की बहाली ने इसके लिए ज़रूरी शर्तें तैयार कर दी हैं।

## ईयू-नाटो के बीच एकजुटता की कमजोरी को दर्शाती है ग्रीनलैंड की स्थिति: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि की कमजोरी को उजागर हुआ है। रूसी प्रसारक एनटीवी को दिए साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि यूरोप बिखर गया है। ग्रीनलैंड ने दिखाया है कि नाटो और ईयू दोनों के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि कितनी अस्थिर है। मुझे नहीं पता कि यूरोप क्या करेगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

## भारत और चीन ने संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की मंगलवार को यहां समीक्षा की तथा लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाने तथा संवेदनशील मुद्दों पर लचताओं का समाधान करते हुए इन्हें मजबूत बनाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां भारत-चीन रणनी. तिक संवाद के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीन के कार्यकारी विदेश उप मंत्री मा झाओश्यू के बीच हुई। यह बातचीत भारत की अध्यक्षता में आयोजित पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक के इतर हुई। मा झाओश्यू ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। प्रवक्ता के अनुसार दोनों पक्षों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने भी अपनी पोस्ट में कहा कि चीनी मंत्री मा झाओश्यू ने पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया। उन्होंने लिखा कि मा झाओश्यू ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति शी जिन. पिंग ने व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की महत्वपूर्ण अवधारणा तथा शांति, नवाचार, हरित विकास, न्याय और लोगों-से-लोगों के बीच घनिष्ठ संपर्क के लिए प्रतिबद्ध ब्रिक्स के निर्माण से संबंधित पांच सहयोगात्मक रूपरेखाएं प्रस्तुत की हैं। इनसे ब्रिक्स तंत्र के भविष्य के विकास की दिशा तय होती है।

# गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इजरायल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं।

इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में सटीक निशानों पर हमला किया गया। करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी। समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया।

## बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या की गई। सोमवार की रात यह घटना ऐसे समय में हुई, जब दो दिन बाद ही इस दक्षिण एशियाई देश में आम चुनाव के लिए मतदान होना है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। इसी जिले में पहले भी दीपू चंद्र दास नाम के एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई थी। भीड़ ने उसे जीवित जला दिया था। अभी जिनकी हत्या की गई है, उनकी पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया।

# अमेरिका ने बांग्लादेश को दी बड़ी राहत

## व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर हुआ 19 प्रतिशत, आरएमजी सेक्टर को फायदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और बंगलादेश के बीच एक पारस्परिक व्यापार समझौता हुआ है, जो बंगलादेशी वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा और कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर छूट प्रदान करेगा और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि यह समझौता एक ऐसा तंत्र स्थापित करेगा जिसके तहत बंगलादेश के कुछ कपड़ों और परिधान एवं उत्पादों को शून्य पारस्परिक आयात शुल्क प्रदान किया जाएगा।

इसके तहत अमेरिकी मूल की सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए 'कुछ कपड़ा और परिधान उत्पादों के लिए भी छूट' दिया गया है। पात्रा आयात की मात्रा का निर्धारण बंगलादेश द्वारा उपयोग किए गए कपास और मानव निर्मित फाइबर के साथ-साथ अमेरिकी सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा। व्हाइट हाउस के बयान में बताया गया है कि बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों में लगभग 15 अरब डॉलर ऊर्जा उत्पादों की भी खरीददारी बंगलादेश द्वारा की जाएगी। साथ ही इसमें अमेरिकी विमानों के खरीद का भी उल्लेख किया गया है। यह समझौता 2013 में हस्ताक्षरित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार और निवेश सहयोग मंच समझौते (टीआईसीएफए) पर आधारित है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक-दूसरे के बाजारों तक 'अभूतपूर्व पहुंच' के रूप में वर्णित किया है। अमेरिका और बंगलादेश ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य 'द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को गहरा करना' और दोनों देशों के निर्यातकों के लिए 'बाजार पहुंच का विस्तार करना' है। सौदे के तहत, बंगलादेश, अमेरिकी औद्योगिक और कृषि सामानों के लिए 'महत्वपूर्ण तरजीही बाजार पहुंच' प्रदान करेगा, जिसमें रसायन, चिकित्सा उपकरण, मशीनरी, मोटर वाहन और पुर्जे, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरण, ऊर्जा उत्पाद, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, गोमांस, पोल्ट्री, ट्री नट्स और फल शामिल हैं। दोनों देशों ने 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं' को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें बंगलादेश, अमेरिकी वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को स्वीकार करने, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) प्रमाणपत्रों को मान्यता देने और अमेरिकी पुनर्मानिर्मित वस्तुओं और पुर्जों पर प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हुआ है। बंगलादेश ने 'विश्वसनीय सीमाओं के पार डेटा के मुफ्त हस्तांतरण' की अनुमति देने और विश्व व्यापार संगठन में इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा शुल्क पर स्थाई रोक का समर्थन करने पर भी सहमति जताई है।

■ बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं

# ओमान जाएंगे ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी लारीजानी

## अमेरिका से टकराव के बीच अहम बैठक

**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में परमाणु समझौते पर पहले दौर पर बैठक बेनतीजा रही। हालांकि दोनों ही देशों ने इस वार्ता को सकारात्मक बताया। आने वाले दिनों में फिर से वार्ता की जाएगी।

इससे पहले ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच रहे हैं। यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और ओमान लगातार मध्यस्थता कर रहा है। इस बीच इजरायल ने भी ईरान को खुली चेतावनी दी है कि वह बिना अमे. रिकी मदद के भी तेहरान पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस हफ्ते इजरायली पीएम नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं। इस बीच ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिक. ारी अली लारीजानी के ओमान दौरे पर सबकी नजर हैं। दरअसल, ओमान ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में मध्यस्था की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष और अब देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम से मुलाकात करेंगे। राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने वार्ता को अहम बताया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि लारीजानी क्या संदेश लेकर ओमान जा रहे हैं। बता दें कि ईरान और अमेरिका ने पिछले सप्ताह ओमान में परमाणु वार्ता की। रविवार को तेहरान में आयोजित शिखर सम्मेलन में राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने की अपनी शर्त पर अडिग रहेगा। यह मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवाद का प्रमुख विषय है। इससे पहले तेहरान में एक प्रेस कान्फेंस में ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने बताया था कि परमाणु वार्ता के अगले दौर की तारीख और स्थान ओमान के साथ विचार-विमर्श के बाद तय होगा।



■ राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे

## ट्रम्प ने अमेरिका-कनाडा पुल के उद्घाटन को रोकने की धमकी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले एक पुल के उद्घाटन को तब तक रोकने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमे. रिका को 'पूर्ण मुआवजा' नहीं मिल जाता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने पर अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाला 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा कि अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं।

